


MPHIN/2021/83938

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 130 | ग्वालियर,20 जनवरी शनिवार 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## एक नजर

### रामलला की पूर्ण तस्वीर आई सामने, मनमोहक मुस्कान और चेहरे से झलक रहा तेज



राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर चल रही जोर-शोर से तैयारियों के बीच शुक्रवार (19 जनवरी, 2024) को रामलला की पूर्ण तस्वीर सामने आई. 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है. रामलला की मूर्ति देखने में अद्भुत है. चेहरे पर मुस्कान भगवान राम की विनम्रता और मधुरता के बारे में बताती है. रामलला का स्वरूप साक्षात राम भगवान की तरह ही प्रतीत होता है. पहली नजर में रामलला की ये मूर्ति देखने वालों को मंत्रमुग्ध कर देती है.आस्था और आध्यात्म की झलक इस मूर्ति से झलकती है. जो पहली ही नजर में राम भक्तों को आकर्षित करती है. भगवान राम के मस्तक पर लगा तिलक सनातन धर्म की विराटता को दर्शाता है. जो देखने वालों को भक्ति की एक अलग दुनिया में ले जाता है. मूर्ति में ऊं, गणेश, चक्र, शंख, गदा, स्वास्तिक और हनुमान की आकृति बनी हुई है.अनुष्ठान कब तक चलेंगे?इससे पहले 17 जनवरी को रामलला की मूर्ति राम मंदिर के गर्भगृह में लाई गई थी. मूर्ति को अंदर लाने से पहले गर्भगृह में विशेष पूजा की गई. इसके बाद 18 जनवरी (गुरुवार) को गर्भगृह में मूर्ति स्थापित किया गया.राम मंदिर में 16 जनवरी को रामलला के लिए अनुष्ठान शुरू हुआ था. राम मंदिर ट्रस्ट के अधिकारियों के अनुसार अनुष्ठान 21 जनवरी तक जारी रहेंगे और रामलला की मूर्ति की 'प्राण प्रतिष्ठा' के लिए जरूरी हर अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे. 121 'आचार्य' अनुष्ठान का संचालन कर रहे हैं.राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 22 जनवरी को दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर शुरू होगा और दोपहर एक बजे समाप्त होगा. दरअसल, प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ सहित हजारों लोग शामिल होंगे. न्यूज एजेंसी पीटीआई ते मुताबिक, मैसूर स्थित मूर्तिकार अरुण योगीराज द्वारा बनाई गई भगवान राम की मूर्ति 51 इंच की है.

### राम मंदिर के उद्घाटन से पहले जम्मू में सुरक्षा को लेकर अलर्ट, तलाशी अभियान तेज



अयोध्या नगरी में 22 जनवरी को राम मंदरि में होने जा रहे रामलला प्राण प्रतष्ठिा समारोह के मद्देनजर सुरक्षा एजेंसयिां पूरी तरह से अलर्ट हैं. जम्मू में भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अलर्ट जारी कयिा गया है. सुरक्षा एजेंसी ने चेताया है कि समारोह से पहले आतंकी जम्मू-कश्मीर में किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं, जिसके बाद प्रदेश भर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं.

सुरक्षा एजेंसयिों ने आशंका जताई है क‍ि अयोध्या राम मंदरि समारोह के उद्घाटन से पहले आतंकी संगठन प्रदेश में आतंकी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं. एजेंसी ने अलर्ट कयिा है क‍ि पाक समर्थित आतंकी प्रदेश में किसी सैन्य ठिकाने या महत्वपूर्ण इमारतों को निशाना बना सकते हैं. इस अलर्ट के बाद पूरे जम्मू में सरहद से लेकर शहर तक सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं.

**सरहद को शहर से जोड़ने वाली सड़कों पर लगाए नाके**-शहर भर में पुलिस अर्ध सैनिक बल और जम्मू कश्मीर पुलिस की स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप की टीम औचक नाके लगाकर वाहनों की चेकिंग कर रहे हैं.

# प्राण प्रतिष्ठा से पहले पीएम मोदी का अनुष्ठान जारी, किन-किन प्रथाओं का पालन कर रहे हैं प्रधानमंत्री

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 दिन तक अनुष्ठान करने का संकल्प लिया है. अनुष्ठान के लिए वह पवित्र ग्रंथों में निर्धारित कई प्रथाओं का पालन कर रहे हैं. वह फर्श पर कंबल ओढ़कर सो रहे हैं और केवल नारियल पानी पी रहे हैं. इसके अलावा पीएम गौ-पूजा करते हैं और हर रोज गायों को चारा भी खिलाते हैं.वह रोजाना विभिन्न प्रकार के दान भी करते हैं, जिसमें अन्नदान, और कपड़े देना आदि शामिल है. एक समर्पित राम भक्त के रूप में प्रधानमंत्री पिछले कुछ दिनों से देश के विभिन्न हिस्सों में मंदिरों का दौरा भी कर रहे हैं, जिनमें नासिक में रामकुंड और श्री कालाराम मंदिर, आंध्र प्रदेश में वीरभद्र मंदिर, केरल का गुरुवयूर मंदिर और त्रिप्रयार श्री रामास्वामी मंदिर शामिल हैं.इसी तरह, वह अगले दो दिनों में तमिलनाडु के मंदिरों का दौरा करेंगे. ये मंदिर न केवल देश के विभिन्न हिस्सों को एकजुट करने का काम करते हैं, बल्कि इनका भगवान राम से भी गहरा संबंध है.

**रामायण सुन रहे हैं पीएम मोदी**





-प्रधानमंत्री का देश भर के मंदिरों का दौरा करना, कई भाषाओं में रामायण सुनना और मंदिरों में भजनों में भाग लेना महत्वपूर्ण माना जा रहा है. पीएम के प्रयासों का उद्देश्य उनके एक भारत, श्रेष्ठ भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप भारतीय सामाजिक-सांस्कृतिक ताने-बाने को मजबूत करना भी है.

**प्रधानमंत्री ने स्वच्छ तीर्थ पहल की शुरुआत की**-हाल ही में पीएम मोदी ने स्वच्छ तीर्थ पहल की भी शुरुआत की थी और खुद इसका नेतृत्व किया.

## रामलला प्राण प्रतिष्ठाः राम जन्मभूमि मामले में फैसला सुनाने वाले जजों को मिला समारोह का निमंत्रण

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं. इस बीच कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राम जन्मभूमि मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाने वाले सुप्रीम कोर्ट के पांच न्यायाधीशों को भी आमंत्रित किया गया है. इस बात की जानकारी न्यूज एजेंसी पीटीआई ने दी.इन न्यायाधीशों में भारत के पूर्व चीफ जस्टिस रंजन गोगोई, पूर्व जेआई एसए बोबडे, चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़




और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश अशोक भूषण और एस अब्दुल नजीर शामिल हैं. गौरतलब है पांच जजों की संवैधानिक पीठ ने 2019 में राम मंदिर के निर्माण के पक्ष में फैसला सुनाया था.

**50 से अधिक ज्यूरिस्ट को भी मिला निमंत्रण**-इनके अलावा कार्यक्रम में पूर्व चीफ जस्टिस, जजों और देश के टॉप वकीलों सहित 50 से अधिक ज्यूरिस्ट को भी बुलाया गया है. आमंत्रित लोगों में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और पूर्व अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल भी शामिल हैं. गौरतलब है कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भव्य राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी चल रही है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे.

## रामलला की नई मूर्ति, 1 मिनट 24 सेकेंड का मुहूर्त, 12 योगों का संयोग... प्राण प्रतिष्ठा से जुड़ी हर जरूरी बात



अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है. प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त 1 मिनट 24 सेकेंड का है. नए राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से जुड़ीं वैदिक क्रियाएं जारी हैं. इसी बीच रामलला की नई मूर्ति की सामने आई है. इस मूर्ति में रामलला की आंख में पट्टी बांधी गई है, जिसे 22 जनवरी को शुभ मूहुर्त में सोने की शलाका से खोला जाएगा. आइए जानते हैं प्राण प्रतिष्ठा से जुड़ी हर जरूरी बात...

- रामलला विराजमान 22 जनवरी को लगभग साढ़े बारह बजे टेंट से निकलकर भव्य मंदिर में विराजमान होंगे.
- राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त.84 सेकेंड का है. रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मुहूर्त में 12 योगों का संयोग बन रहा है.
- 22 जनवरी को अभिजीत मुहूर्त में प्राण प्रतिष्ठा करने से रामजी की राज्यवृद्धि होगी अर्थात नीति के अनुसार शासन कार्य चलेगा.

## सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हैं हिमंत बिस्व सरमा, दिल्ली., राहुल गांधी ने फिर साधा निशाना

भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर असम पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक पर निशाना साधा. उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि बीजेपी और आरएसएस का कहना है कि हिंदुस्तान पर एक भाषा और एक नेता के जरिए दिल्ली से शासन होना चाहिए.उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा, ÷बीजेपी और आरएसएस चाहती है कि हिंदुस्तान के प्रदेशों को दिल्ली से चलाया जाना चाहिए और देश में एक भाषा हो, एक लीडर हो, लेकिन हमारा मानना है कि असम को दिल्ली से नहीं बल्कि असम से ही चलाया जाना चाहिए.÷





**सबसे भ्रष्ट सीएम हैं हिमंत बिस्व सरमा**-इस दौरान कांग्रेस सांसद ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए. उन्होंने कहा कि असम के मुख्यमंत्री हिंदुस्तान के सबसे भ्रष्ट सीएम हैं. वह बीजेपी के दूसरे मुख्यमंत्रियों को भी भ्रष्टाचार सिखा सकते हैं. वह असम के लिए काम नहीं करते, बल्कि पीएम मोदी उन्हें जो कुछ भी कहते हैं, वे बस वही करते हैं.

**मणिपुर में हिंसा और नफरत**-राहुल गांधी ने बताया कि उन्होंने अपनी यात्रा की शुरुआत मणिपुर से इसलिए की, क्योंकि वहां महीनों से हिंसा और नफरत जारी है. वहां लोग मारे जा रहे हैं और संपत्तियों को जलाया जा रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री वहां नहीं जाते. पीएम मणिपुर इसलिए नहीं जाते, क्योंकिं अगर वह वहं गए तो बीजेपी सच्चाई सबके सामने आ जाएगा.**पीएम मोदी पर लगाया आरोप**-उन्होंने आरोप लगाया कि आरोप लगाया कि पीएम मोदी ने मणिपुर को बांटने का काम किया है.

## भौगलिक सीमाओं से अलग, लेकिन राम भक्ति में है थाईलैंड की अयोध्या का इतिहास

भारत में अयोध्या और थाईलैंड में अयुध्या- भले ही भौगलिक सीमाओं में विभाजित हैं, लेकिन दोनों शहर सिर्फ नाम से ही नहीं मिलते-जुलते हैं बल्कि भगवान राम में विश्वास के मामले में भी दोनों एक-दूसरे के समान हैं. दोनों शहरों के बीच की दूरी साढ़े तीन हजार किलोमीटर है लेकिन भगवान राम में विश्वास लगभग एक समान है.

**राम मंदिर के लिए थाईलैंड से आई मिट्टी और जल**-राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में महज तीन दिन शेष रहने के बीच अयुध्या भी इस कार्यक्रम में शामिल होने को तैयार है. अयोध्या मंदिर ट्रस्ट को राम मंदिर के लिए अयुध्या से मिट्टी और थाईलैंड की तीन नदियों का जल प्राप्त हुआ है. इन तीन नदियों में चाओ फ्रया, लोप बुरी और पा साक शामिल हैं. चाओ फ्रया नदी के किनारे



बसा शहर अयुध्या एक प्राचीन नगर है, जो बैंकॉक से 70 किलोमीटर उत्तर में स्थित है. ये अपने समृद्ध और जीवंत सांस्कृतिक इतिहास के लिए यूनेस्को की वैश्विक धरोहर सूची में शामिल है.

**बड़ी स्क्रीन में दिखेगा प्राण प्रतिष्ठा समारोह**-बैंकॉक में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की एक सदस्य के मुताबिक, अयुध्या और थाईलैंड के अन्य शहरों में स्थित हिंदू मंदिरों के बाहर बड़ी-बड़ी स्क्रीन लगाई जा रही हैं, जिन पर 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण किया जाएगा. उन्होंने बताया, सभी मंदिरों में दीप जलाए जाएंगे और लोग दिन में राम भजन गाकर स्तुति करेंगे.%% विहिप नेता ने कहा, हमने बड़ी-बड़ी स्क्रीन लगाई हैं, जिन पर भक्त प्राण प्रतिष्ठा समारोह देख सकेंगे. हमने दीप जलाने के इंतजाम भी किए हैं और भक्तों में प्रसाद भी वितरित किया जाएगा.÷

**अयोध्या से ही पड़ा अयुध्या का नाम**-विश्व हिंदू संघ के संस्थापक और वैश्विक अध्यक्ष स्वामी विज्ञानंद ने कहा कि अयुध्या का नाम भगवान राम के जन्म स्थान अयोध्या से ही पड़ा है, जो हिंदू धर्म और रामायण से संबंध स्थापित करता है. उन्होंने कहा, अयुध्या के प्रथम शासक राजा रामथिबोडी ने क्षेत्र की संस्कृति पर रामायण के प्रभाव के कारण ही यह नाम रखा था.

## गठबंधन में सीट बंटवारे में देरी के बीच मुलाकातों का दौर, बंगाल में ममता बनर्जी ने बढ़ाई कांग्रेस की टेंशन

बीजेपी के खिलाफ एकजुट हुए विपक्षी गठबंधन इंडियाके सामने सीट शेयरिंग को लेकर सवाल बरकरार है. बैठकें भी हो रही हैं लेकिन जनवरी का एक पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी सीटों के बंटवारों को लेकर फॉर्मूला तय नहीं हो सका. पिछले साल 19 दिसंबर को इंडिया गठबंधन की दिल्ली में हुई बैठक में ज्यादातर दलों ने कहा था कि हमें जल्द से जल्द सीट बंटवारे को अंतिम रूप देना चाहिए. इस बीच वरिष्ठ नेताओं ने गठबंधन को देरी को लेकर नसीहत दी है. जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि सीट बंटवारे पर जल्द सहमति नहीं बनी तो इंडिया गठबंधन के लिए खतरा है. कुछ सदस्य एक अलग समूह बनाने की कोशिश कर सकते हैं.अब्दुल्ला ने कहा, ''सीट-बंटवारे की व्यवस्था को अंतिम रूप नहीं दिया गया तो गठबंधन के लिए खतरा है. इसे समयबद्ध तरीके से किया जाना चाहिए. यह संभव है कि कुछ दल अलग गठबंधन बनाने के लिए एक साथ आ सकते हैं, जो मुझे सबसे बड़ा खतरा लगता है. अभी भी समय है.'' उन्होंने आगे कहा कि पार्टियों को केवल वही सीटें मांगनी चाहिए जहां उनका दबदबा है और जहां वे प्रभावी नहीं हैं वहां सीटें मांगना गलत है.

**शरद पवार ने क्या कहा**-महाराष्ट्र के सोलापुर में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार ने कहा कि बीजेपी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को हराने के लिए जो विपक्षी दल एकजुट हुए उन्हें सत्ता से हटाने तक चैन से नहीं बैठना चाहिए.

**लालू यादव और नीतीश कुमार की हुई मीटिंग**-इन नसीहतों के बीच इंडिया गठबंधन में शामिल आरजेडी के प्रमुख लालू यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री और जेडीयू प्रमुख नीतीश कुमार से मुलाकात की. बिहार में सीट बंटवारे को लेकर आरजेडी, जेडीयू, कांग्रेस और लेफ्ट में तकरार देखने को मिली है. हालांकि गठबंधन के नेताओं ने इन दावों को खारिज किया है. बैठक के बाद अपने आवास पर लौटे तेजस्वी यादव ने कहा कि दरार की अफवाहें ''जमीनी हकीकत'' से अलग हैं. उपमुख्यमंत्री ने कहा, ''मुझे दुख होता है जब आप लोग ऐसे सवाल पूछते हैं जो जमीनी हकीकत से बिल्कुल अलग होते हैं. आखिर इस बात को लेकर इतनी उत्सुकता क्यों है कि महागठबंधन में सीटों का बंटवारा कब अंतिम रूप ले सकता है? क्या बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए ने इसे अपने खेमे में सुलझा लिया है? ''




**सपा और आरएलडी के बीच सीटों को लेकर बनी बात**-उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और राष्ट्रीय लोकदल के प्रमुख जयंत चौधरी की मुलाकात हुई. इसके बाद सूत्रों ने बताया कि दोनों नेताओं में सीटों को लेकर सहमति बन गई है. सूत्रों ने कहा कि आरएलडी सात से आठ सीटों पर चुनाव लड़ सकती है. इससे पहले कांग्रेस के साथ सपा की सीटों को लेकर दो बैठकें हो चुकी है. हालांकि सीटों की संख्या को लेकर कोई सहमति नहीं बनी है.

**अशोक गहलोत की उद्धव ठाकरे से हुई मुलाकात**-महाराष्ट्र में राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस की राष्ट्रीय गठबंधन समिति के सदस्य अशोक गहलोत ने शिवसेना यूबीटी के प्रमुख उद्धव ठाकरे से मुलाकात की. माना जा रहा है कि दोनों नेताओं ने सीट शेयरिंग को लेकर बात की है.

**पश्चिम बंगाल में क्या तैयार होगा सीट फॉमूला**-पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (ञ्स्ष्ट) की चीफ ममता बनर्जी ने पार्टी नेताओं के साथ मीटिंग के दौरान कहा कि मुर्शिबाबाद में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी के फैक्टर का कोई असर नहीं होगा. हम एक साथ लड़ेंगे तो मुर्शिबाबाद की सभी तीन सीटें जीत जाएंगे. उन्होंने आगे कहा कि सभी 42 सीट जीतने के मकसद से क्षेत्रों में जाए और तैयारी करें. ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि क्या बंगाल में विपक्षी गठबंधन में शामिल टीएमसी, कांग्रेस और लेफ्ट के बीच सीट शेयरिंग का फॉमूला तैयार होगा.

**अरविंद केजरीवाल ने क्या कहा**-आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम 'इंडिया'में शामिल दलों के साथ राज्य में एक सीट को लेकर बातचीत कर रह हैं. बात जो भी हमारे गठबंधन को एक वोट जरूर दीजिए. उन्होंने कहा, ÷आम आदमी पार्टी इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) गठबंधन के हिस्से के रूप में गोवा सीट पर चर्चा कर रही है. एक बार कुछ तय हो जाने पर हम आपके पास वापस आएंगे. बातचीत जो भी हो, लेकिन लोकसभा चुनाव में 'इंडिया' गठबंधन के उम्मीदवार को वोट जरूर दें.÷

# राज्यपाल कलराज मिश्र को श्रीकृष्ण शर्मा द्वारा सृजित पुस्तक "मूर्धन्य साहित्य सृजक" भेंट





**जयपुर**, साहित्यिक संस्था 'शब्द संसार', जयपुर के अध्यक्ष एवं प्रतिष्ठित साहित्यकार श्री श्रीकृष्ण शर्मा द्वारा सृजित पुस्तक ''मूर्धन्य साहित्य सृजक'' आज राजभवन में राज्यपाल कलराज मिश्र को भेंट की गई।राज्यपाल मिश्र ने पुस्तक का अवलोकन किया और इसकी विषय वस्तु की सराहना करते हुए हिन्दी साहित्य के उन्नयन की कामना की। इस अवसर पर मौजूद भाषाविद डॉ. नरेन्द्र शर्मा कुसुम ने पुस्तक में वर्णित देश के लब्ध प्रतिष्ठ कवियों के लोकप्रिय गीतों को उद्धरित करते हुए बताय कि आज ऐसे गीतों की गति मंद हो गई है । संवाद के दौरान शुद्ध हिन्दी की वर्तनी का प्रश्न भी आया जिसके लिए श्रीकृष्ण शर्मा निरन्तर प्रयासरत हैं। प्रसिद्ध स्तंभकार ललित शर्मा अकिंचन ने लेखक श्री?ृष्ण शर्मा और भाषाविद डॉ. कुसुम का परिचय दिया। गौरतलब है कि पुस्तक में सर्वश्री बालस्वरूप राही, उदयभानु हंस, डॉ. ताराप्रकाश जोशी, गीतकार गुलजार, महाकवि कन्हैयालाल सेठिया, रामनाथ कमलाकर, डॉ. नरेन्द्र शर्मा कुसुम, इकराम राजस्थानी, डॉ. गार्गी शंकर मिश्र 'मराल',वीर सक्सेना,गोपालदास मुदगल, डॉ. मूलचन्द्र पाठक और शायर डॉ.फराज हामिदी जैसे साहित्यकारों की रचनाएँ शामिल की गई हैं।

# प्राण प्रतिष्ठा में काफिले के साथ जा रहे पवैया का हनुमान चौराहे पर भव्य स्वागत

**दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर पहलवान सिंह राजावत**

मालनपुर श्री राम जन्मभूमि रामलला प्राण प्रतिष्ठा में विशेष आमंत्रित पर 19 जनवरी को जयभान सिंह पवैया अयोध्या जाते समय हनुमान चौराहा मालनपुर भाजपा के वरिष्ठ नेता महाराष्ट्र सहप्रभारी एवं पूर्व सांसद जय श्रीराम के नारे से गूंजयमांन हो गया मालनपुर उद्योगसंघ /(एम एस एम ई) के सचिव जितेंद्र नागवानी के मार्गदर्शन में हनुमान चौराहे पर गाजे बाजे के साथ स्वागत किया गया एवं सैंकड़ों राम भक्तों साथियों के साथी किया जाकर लड्डू वितरण किये 1990 में पुलिस फायरिंग के साक्षी व



बजरंग दल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जयभान पवैया ने राम भक्तों के द्वारा किया स्वागत समारोह पर धन्यवाद देते हुए कहा है कि 22 जनवरी को श्री राम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के 500 साल का वनवास खत्म होगा इस शुभ अवसर पर हम अपने-अपने घरों व मंदिरों में घी के दीपक जलाकर भगवान श्री राम का स्वागत करें और अपने काफिले के साथ दर्जनों गाड़ियां के साथ अयोध्या के लिए रवाना हो गए भक्ति जिन्होंने जय श्री राम के नारे लगाए जिससे नगर गुंजायमान हो गया इस अवसर पर स्वागत समारोह में शामिल हुए मालनपुर उद्योगसंघ सचिव जितेंद्र नागवानी मुकेश भाटिया, संतोष गर्ग, मालनपुर नगर परिषद अध्यक्षा रायश्री मुकेश किरार, वार्ड नंबर 14 रॉकी जैन, पार्षद प्रतिनिधि वीर सिंह सेंगर, जनडेल सिंह गुर्जर, तरुण जोशी, बृजभूषण सिंह कुशवाह, परमाल सिंह तोमर, बृजेंद्र पाल बंसल, विष्णु गोड़, पहलवान सिंह राजावत , अन्य एक सैकड़ा साथियों के साथ स्वागत किया गया

# दतिया अपर मुख्य सचिव के सी गुप्ता और संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने ली

## 3जिले में संचालित प्रमुख विकास कार्यों की समीक्षा बैठक



**संदीप प्रधान उप संपादक दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

दतिया जिले के भ्रमण पर आए। अपर मुख्य सचिव के सी गुप्ता और संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने ली समीक्षा बैठक उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ विभिन्न विषयों पर बैठक की। जिले में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति के अलावा शासन स्तर पर लंबित कार्य एवं जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच आपसी समन्वय से काम किया जाए

# दबोह में 25 जनवरी को सजेगा बाबा खाटू श्याम का दरबार,होंगी भजन संध्या व भण्डारा

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-** बीते वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर दबोह में द्वितीय खाटू श्याम महोत्सव 25 जनवरी 2024 को आयोजित होने जा रहा है।जिसके लिए एक बैठक का आयोजन किया गया।कार्यक्रम स्थल गल्ला मंडी परिसर दबोह में आयोजित हुई बैठक में श्री श्याम परिवार के पदाधिकारी,व्यापारीगण,समाजसेवी,आम नागरिक व श्याम प्रेमी मौजूद रहे।बैठक में श्री श्याम परिवार दबोह के पदाधिकारियो ने बताया कि इस बार भी नगर दबोह के गल्ला मंडी परिसर में हारे के सहारे खाटू श्याम बाबा का मनमोहक दिव्य दरबार 25 जनवरी 2024 को लगने जा रहा है।जिसमे 25 जनवरी को



सर्वप्रथम सुबह 10 बजे कार्यक्रम स्थल गल्ला मंडी प्रांगण से बाबा श्याम की विशाल रथ यात्रा ढोल नगा?ों व डीजे के साथ सम्पूर्ण नगर का भ्रमण करेगी और दोपहर लगभग 02 बजे कार्यक्रम स्थल पर रथ यात्रा समापन होगी।जिसके बाद शाम को बाहर से आये हुए कलाकार अपने भजनों की मनमोहन प्रस्तुति देंगे और बाबा को रिझाएंगे।तो वहीं इस बार द्वितीय श्री श्याम महोत्सव में छप्पन भोग की झांकी,बाबा का आलौकिक श्रृंगार होगा व इत्र वर्षा,पुष्प वर्षा भी होगी।इसी के साथ इस अवसर पर विशाल भण्डारा भी आयोजित किया जाएगा।जिसमे हजारो श्याम प्रेमी प्रसादी ग्रहण करेंगे।श्री श्याम परिवार के सदस्यों ने समस्त नगर वासियो व ग्रामवासियों से बाबा की बिशाल रथ यात्रा व इस भव्य भजन संध्या कार्यक्रम में शामिल होकर सफल बनाने की अपील की है।

# जगथर ग्राम में बच्चों द्वारा राम भजन गाकर दी शानदार प्रस्तुति

**अभिषेक कुशवाह**



**सिरोंज** श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में हर वर्ग के श्रद्धालुओं द्वारा स्वयं को जोड़ने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार की आयोजन किया जा रहे हैं इसी क्रम में दफ्तर ग्राम के स्कूली बच्चों द्वारा श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में रामधुन एवं प्रभु श्री राम के प्रचलित भजनों को गाया गया। साधारण परिवारों से आए बच्चों द्वारा बिना वाद्य यंत्रों के अपनी मधुर आवाज में इन भजनों की प्रस्तुतियां दी जिससे प्रतीत होता है कि प्रभु श्री राम के लिए बड़े-बुजुर्गों जवानों से ज्यादा उत्साह बच्चों में है। जगथर प्राथमिक विद्यालय की होनहार छात्र सोनाली दांगी और रिया दांगी ने श्रीराम एवं जानकी मैया के भजन मे मनमोहक प्रस्तुति दी इसके साथ ही रामपाल विवेक अंकित मुस्कान अनन्या ने प्रभु श्री राम से संबंधित चित्रों की प्रस्तुति दी। शासकीय प्राथमिक शाला द्वारा भी बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देने के साथ-साथ बच्चों को सामाजिक धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ा गया बच्चों के शिक्षण व्यवस्था एवं संस्कृतिक सामाजिक धार्मिक विषयों पर ज्ञानवर्धन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सामाजिक संस्था तेजस समाज सेवा समिति द्वारा अपनी ओर से ग्राम के भजन गायक बच्चों को नगद राशि पुरस्कार स्वरूप दी गई। स्कूल प्रशासन द्वारा श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में अपने विद्यालय के बच्चों को आवश्यक जानकारी और उसका महत्व बताकर जागरूक करने के लिए संस्था के अध्यक्ष मोहन रघुवंशी द्वारा स्कूल प्रशासन का धन्यवाद दिया गया।

# नव मतदाता दिवस मनाए जाने को लेकर महाविद्यालय शिक्षक परिवार की विधायक जी ने ली बैठक



सिरोंज शुक्रवार को विधायक उमाकांत शर्मा ने नगर के एकमात्र शासकीय महाविद्यालय लाल बहादुर शास्त्री के शिक्षक परिवार के साथ एक बैठक आयोजित किया जिसमें विधायक उमाकांत शर्मा ने समस्त शिक्षक परिवार से उनका परिचय एवं क्या विषय पढ़ाते हैं पर चर्चा की जिसमें उन्होंने कहा कि 25 जनवरी को मतदाता दिवस मनाया जाना है जिसका आयोजन भव्य हो यह आप सभी शिक्षकों का दायित्व है साथ ही उन्होंने कक्षा अध्यापक के मतदाता दिवस के दिन 100ल उपस्थिति रहेगी उन तीन कक्षा अध्यापकों का सम्मान भी किया जाएगा साथ ही उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में नगर पालिका और जनपद भी सहयोग करेंगे इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर लालचंद राजपूत , जनपद सीईओ वंदना शर्मा नगर पालिका सीएमओ सहित महाविद्यालय का शिक्षक परिवार उपस्थित रहा।

**कॉलेज परिसर में नव मतदाताओं की चर्चा**-महाविद्यालय में आयोजित बैठक के उपरांत विधायक उमाकांत शर्मा ने कॉलेज परिसर में खेल रहे नव मतदाताओं से चर्चा की एवं उन्हें वोट का महत्व बताया। युवा छात्रों से बातचीत करते हुए उन्होंने आव्हान किया कि 25 जनवरी को आयोजित होने वाले नव मतदाता सम्मेलन में अधिक से अधिक युवाओं को शामिल करने का प्रयास करें।

# भव्य प्राण प्रतिष्ठ कार्यक्रम के संबंध में स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा लोक कल्याण न्यास की हुई बैठक





**अभिषेक कुशवाह**

सिरोंज। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली भगवान श्री राम की भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर गुरूवार को शीतला माता मंदिर पचकुईयां पर स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा लोक कल्याण न्यास की बैठक आयोजित की गई। जिसमें न्यास के सदस्यों सहित सभी धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती, भगवान राम कृष्ण, एवं जननायक स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा के चित्र पर माल्यापर्ण से हुई। इस अवसर पर बैठक में अपने विचार व्यक्त करते हुए क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि मै इस बैठक में विधायक के रूप में नही बल्कि न्यास के सदस्य के रूप में शामिल हुआ हूॅ, पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा जो आप सबके लाडले आज हम सबके बीच नही है वह एक सच्चे कार सेवक थे उनके नेतृत्व में सिरोंज से बडी संख्या में कारसेवको ने अयोध्या में कार सेवा की थी। उन्होंने कहा कि जिस ढंग से अयोध्या में कारसेवकों ने अपना बलिदान दिया था आज वह भावना हिंदू समाज में दिखाई नहीं देती है सनातन धर्म को आज कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है हिंदुत्व को मिटाने की कोशिश की जा रही है उन्होंने कहा कि विदेशी ताकतें नहीं चाहती हैं कि भारत परम वैभव के शिखर पर पहुंचे इसलिए वह तरह-तरह के भ्रम फैलाकर देशवासियों को जाति के नाम पर गुमराह कर रही है लेकिन धर्म की रक्षा, गौमाता की रक्षा एवं भारतमाता की रक्षा करने हेतु हम अपना बलिदान करने से भी नहीं चूकेंगे। वहीं बैठक में पूर्व नपा अध्यक्ष रमेष यादव, ने कहा कि हम भी कार सेवक थे हमने वो दिन देखे जब उत्तरप्रदेष सरकार ने कारसेवको पर गोलिंयां चलवा दी थी जिसमें कोठारी बंधू सहित हजारो लोगो की जाने चली गई थी।

**22 जनवरी को निकलेगी सभी बस्तियों से प्रभात फेरी**-बैठक में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के घनष्याम रघुवंषी ने 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के दिन शहर में पूरे दिन भव्य एवं दिव्य आयोजन की योजना की लेकर अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि इस दिन प्रातः काल 7 बजे से नगर की सभी आठों बस्तियों से कार सेवा शुरू होगी एवं सभी धार्मिक मंदिरों पर सुदरकाण्ड एवं भंडारों का आयोजन होगा। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के अनिल राठौर ने भी तैयारी के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी नारायणदास साहू, रघुवीर सिंह रघुवंषी, सत्यनारायण शर्मा, राकेश सक्सेना, कमल सिंह सहित बडी संख्या में न्यास के सदस्य एवं अन्य संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहें । बैठक की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक रघुनंदन शर्मा ने की।

**रविवार को न्यास एवं सभी संगठनों के सहयोग से निकाली जायेंगी भव्य शोभा यात्रा**-इस अवसर पर बैठक में सभी उपस्थित न्यास के सदस्यों एवं सभी संगठनों के द्वारा यह निर्णय लिया गया कि स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा स्मृति लोक कल्याण न्यास द्वारा 21 जनवरी दोपहर 2 बजे श्री रामलला मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जावेगी। जो नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई सुभाषनगर बजरिया स्थित जैन मंदिर में सपन्न होगी इस यात्रा में सिरोंज विकासखण्ड के गावं-गांव से कीर्तन मण्डलियां पधारकर शामिल होंगी एवं सनातन धर्म के समस्त मठ मंदिर एवं पुजारियों के नेतृत्व में भव्य डोलों के दर्शन भी होंगे। विधायक उमाकांत शर्मा ने न्यास की बैठक के मुख्य उद्देष्यो पर प्रकाष डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ , विष्वहिन्दू परिषद , बजरंग दल के आह्वान पर न्यास के द्वारा प्राण प्रतिष्ठा के एक दिन पूर्व शहर भव्य दिव्य सनातनी शोभायात्रा निकाली जायेंगी क्योंकि प्राण प्रतिष्ठा का दिन भूतो न भविष्यति वाला दिन है इस शोभयात्रा में भगवान राम , भगवान कृष्ण और सिरोंज लाडले जननायक लक्ष्मीकांत शर्मा की झांकी के साथ आस पास ग्रामीण क्षेत्रो शहरीय क्षेत्र से भजन कीर्तन मंडलियां शोभा यात्रा की शोभा को बडांयेगी वही उन्होने सभी सामाजिक संगठनों, मंदिर समितियों , सहित सभी जनसमुदाय से इस आयोजन को भव्य और दिव्य रूप देने का आह्वान किया ।

# मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत दूध, घी और मावा का लिया नमूना

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

आमजन को शुद्ध एवं मिलावट रहित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क?ी में आज 19 जनवरी को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने सनावद और बे?िया उन स्थानों पर छापामार कार्यवाही कर खाद्य सामग्री विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों की आकास्मिक जांच की और खाद्य सामग्री के नमूने एकत्र कर प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे गए हैं। मिलावट से मुक्ति अभियान



के तहत देवेन्द्र दूध डेयरी, बेडिया से खाद्य पदार्थ मावा का नमूना, श्रीहरीओम लस्सी सेन्टर बेडिया से दूध, मावा एवं घी तथा विश्वास दूध डेयरी, सनावद से दूध एवं मावा का नमूना सग्रंहित किया है।इन प्रतिष्ठानों से नमूने जॉच के लिए राज्य खाद्य परिक्षण प्रयोगशाला भोपाल को भेजे गये है। जॉच उपरांत संबंधित विक्रेताओं के विरूद्व खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006,नियम 2011 के तहत वैद्यानिक कार्यवाही की जावेगी तथा आगामी समय में समस्त जगह विशेष अभियान चलाकर दुध एवं दूग्ध से बने खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर विधिवत कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। उक्त कार्यवाही में श्री एन.एस.सोंलकी खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित थे।

# राम राज्य की अवधारणा विषय पर हुई भाषण प्रतियोगिता

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरगोन में प्राचार्य डॉ. आरएस देवड़ा के मार्गदर्शन में राम राज्य की अवधारणा विषय पर 19 जनवरी 2024 को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में ब?-च?कर भाग लिया तथा भगवान राम के जीवन वृतांत, उनके त्याग, संघर्ष और शासन करने के तौर तरीकों पर प्रकाश डालने का प्रयास किया। प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. महेश गुप्ता तथा श्री गोविंद यादव द्वारा विद्यार्थियों की भाषा शैली, विषय वस्तु, तर्कशक्ति जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं के आधार परिणाम जारी किया। जिसमें रुचिका पाटीदार बीए तृतीय वर्ष को प्रथम स्थान, संस्कृति गुप्ता बीए प्रथम वर्ष को द्वितीय स्थान तथा यश बागदरे बीकॉम तृतीय वर्ष को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। भाषण प्रतियोगिता का आयोजन संयोजक डॉ. गणेश पाटिल, प्रो. गगन पाटीदार, प्रो. मनोज भार्वे, प्रो सोनू वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. सीएस चौहान तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# गोली मारकर लुट करने वाले, जघन्य सनसनीखेज एवं चिन्हित श्रेणी में शामिल प्रकरण के 01 आरोपी को 07 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 01 आरोपी को 05 वर्ष एवं 06 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

मजरुह अमित पिता अनिल भावसार निवासी बन्हेर थाना बिस्टान का आईडीएफसी बैंक भीकगॉव में फिल्ड ऑफिसर समुह लोन का पैसा कलेक्शन का कार्य करता था। घटना दिनांक 31-07-2020 को मोटर सायकिल से भीकनगॉव व रोडिया से कुल 26100/- रुपये एकत्रित कर भीकनगॉव वापस जाते समय थाना गोगॉवा चौकी अहिरखेडा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम रोडिया रोडिया व भीकनगांव के बीच ग्राम छिर्वा के बीच आरोपियों द्वारा ओव्हर टेक कर रुकने का बोलने पर नहीं रोकने पर एक आरोपी पिस्टल निकाल कर मजरुह अमित पर तानी तो मजरुह द्वारा गाडी तेज भगाकर भागने का प्रयास करने लगा तो आरोपियों द्वारा मारपीट कर बैग छिनने पर नहीं दिया तो पीछे से पिस्टल से दो फायर कर घायल कर दिया व दोनो लड़के अमित का बैग छीनकर भाग गए। फरियादी अमित से बॉम्बे हॉस्पिटल इन्दौर में दर्ज रिपोर्ट पर थाना गोगॉवा पर अपराध क्रमांक 278/2020 धारा 394,397 भादवि का पंजीबध्द किया जाकर अनुसंधान में लिया गया। घटना की सूचना पर थाना भीकनगॉव तथा थाना प्रभारी गोगावॉ अपने बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। घटना स्थल पर तत्का.पुलिस अधीक्षक खरगोन, तत्का.अति.पुलिस अधीक्षक खरगोन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भीकनगॉव द्वारा घटना स्थल पर पहुंचे व आरोपियों की तलाश हेतु घटना स्थल के आसपास सर्चिंग की गई। ग्राम रोडिया में सी.सी.टी.व्ही.फुटैज एवं मजरुह अमित भावसार द्वारा जिन लोगो से समूह लोन के रुपये एकत्रित किये उससे संबंध में जानकारी प्राप्त कर आरोपी मुकेश पिता रामलाल जमरे, उसके अव्यस्क साथी निवासी बांगा फालिया रोडिया को देशी पिस्टल एवं राउण्ड उपलब्ध कराने वाले आरोपी चंदुसिंह पिता गणपतिसिंह जाति सिकलीगर को गिरफ्तार किया जाकर आरोपियों से घटना में प्रयुक्त पिस्टल, नगदी रूपये तथा अन्य दस्तावेज बरामद किए गए।प्रकरण की घटना को लेकर आमजन में भय का वातावरण होने एवं घटना की गंभीरता को दृष्टीगत रखते हुए, जघन्य सनसनीखेज चिन्हित श्रेणी में शामिल किया गया था। अनुसंधान के दौरान आरोपियों के विरुध्द प्रर्याप्त साक्ष्य संकलन कर चालान कता किया जाकर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जो माननीय अपर सत्र न्यायाधीश, भीकनगॉव के एसटी नंबर 27/2020 पर विचाराधीन थापुलिस अधीक्षक जिला खरगोन के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारियों को चिन्हित प्रकरणों में विशेष ध्यान देकर समंस वांरट, जमानतीय वारंट तामील कराने हेतु निर्देशित किया गया गया था। प्रकरण विचारण के दौरान माननीय अपर सत्र न्यायाधीश भीकनगॉव के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश जिला पश्चिम निमाड़ मण्डलेश्वर द्वारा दिनांक 19-01-2024 को निर्णय पारित करते हुए, जघन्य सनसनीखेज/चिन्हित श्रेणी में शामिल प्रकरण के आरोपी मुकेश पिता रामलाल जाति भीलाला उम्र 29 साल निवासी ग्राम रोडिया बांग्या फालिया थाना गोगॉवा का धारा 397 भादवि में 07 साल का सश्रम एवं सहपठित धारा 120 बी भादवि में 07 साल का सश्रम कारावास तथा अवैध रुप से पिस्टल उपलब्ध कराने वाले आरोपी चंदुसिंह पिता गणपतसिंह जाति सिकलीगर उम्र 24 साल निवासी अम्बा थाना बैडिया को धारा 25(1)ए आर्म्स एक्ट में 05 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 29 आर्म्स एक्ट में 03 वर्ष का सश्रम का कारावास एवं 06 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।उक्त प्रकरण जघन्य सनसनीखेज एवं चिन्हित श्रेणी में शामिल प्रकरण के आरोपियों को सजा दिलाने में तत्कालीन थाना प्रभारी गोगॉवा महेश सुनैया, अनुसंधानकर्ता अधिकारी एवं पैरवीकर्ता उनि.रायसिंह गुण्डिया एवं पुलिस थाना गोगॉवा स्टाफ का विशेष योगदान रहा है।

## रीवा ज़िले के वॉर्ड 04 में घटिया नाली निर्माण की खुली पोल अफसर कई बार कर चुके है मॉनिटरिंग



**शिवम तिवारी (ब्यूरो चीफ रीवा)**
**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**

जिले के वॉर्ड 04 चोरहटा में हा॥ 07 रोड से बिलाबोंग स्कूल तक कुछ दिन पहले ही नाली का निर्माण कार्य किया गया था। अभी ज्यादा दिन हुए भी नही और घटिया नाली निर्माण की पोल खुल गई, कई जगह से नाली झड़ कर गिर गई। नाली निर्माण के स्तर को तस्वीरों के माध्यम से आंकलन किया जा सकता है। नाली निर्माण में गुणवत्ताहीन और स्तरहीन गिट्टी, छड़, और बालू कि जगह डस्ट का प्रयोग किया गया है। गुणवत्ताहीन सामग्री से ठेकेदार ने कार्य को अंजाम दे डाला परंतु जिम्मेदार अफसर मौन बैठे रह गए। ऐसा प्रतीत हो रहा मानो जिम्मेदार अधिकारी के साथ गांठ के चलते ठेकेदार के हौसले बुलंद है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार नाली निर्माण कार्य पूरा होने के बाद विभागीय अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण भी किया गया है, परंतु सवाल यह है कि अगर जिम्मेदार अफसर मॉनिटरिंग कर रहे हैं उसके बावजूद निम्न स्तर का कार्य कैसे हो रहा है? यह समझ से परे है ऐसे में जिम्मेदार अफसर के मॉनिटरिंग पर भी सवाल उठ रहे हैं।

## गठबंधन में जितने भी दल हैं, सब प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की तरह डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला का हमला

**(पुष्पांजली टुडे)**



मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने आरोप लगाया है कि इंडिया गठबंधन में जितने भी दल हैं, सब प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की तरह काम रहे हैं. सत्ता पाने के लिये ये कुछ भी करते है और सत्ता मिलने के बाद परिवारवाद के कदम पर चल पते हैं. उन्होंने कहा कि इस गठबंधन का उद्देश्य सिर्फ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कमजोर करना है, जो जनता कभी होने नहीं देगी. डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पर तंज कसते हुए कहा कि वह नेगेटिव बातें करने के आदी हो चुके हैं.उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला आज गुरुवार को अल्प प्रवास पर जबलपुर पहुंचे थे. यहां उन्होने विधायक अशोक रोहाणी के निवास पहुंचकर पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की. इस दौरान पत्रकारों से रूबरू होकर उन्होंने इंडिया गठबंधन पर जमकर निशाना साधा. राजेंद्र शुक्ला ने कहा कि इंडिया गठबंधन में जितने भी दल हैं, सब प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की तरह काम रहे हैं. सत्ता पाने के लिये ये कुछ भर करते है. गठबंधन के दल सत्ता मिलने के बाद परिवारवाद के नक्शे कदम पर चल पते हैं।इंडिया गठबंधन पर तंज कसते हुए उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने कहा कि इंडिया गठबंधन का उद्देश्य सिर्फ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कमजोर करना है, जो जनता कभी होने नहीं देगी. उप मुख्यमंत्री शुक्ला ने कांग्रेस की भारत जोो न्याय यात्रा पर भी कटाक्ष किया. उन्होंने कहा है कि इसका कोई असर लोकसभा चुनाव में नहीं दिख रहा है. इस ओर देश की जनता कोई ध्यान नहीं दे रही है. हर तरफ रामलला की स्थापना के लिये उत्साह है, जिससे यह कहा जा सकता है कि जनता ने अब कांग्रेस को नकार दिया है.वहीं, उप मुख्यमंत्री शुक्ला ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पर निशाना साधते हुये उनके बयान की आलोचना की. उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद इन्होंने हर अच्छे काम का सिर्फ विरोध ही किया है. शुक्ला ने कहा कि राम मंदिर निर्माण पर किसी प्रकार का सवाल नहीं उठाना चाहिये. मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद उनके जो बयान सामने आये हैं, उसके कारण उनकी ऐसी छवि हो गई है कि वह हमेशा चर्चा में बने रहते हैं. दिग्विजय सिंह के रीवा में राम मंदिर को लेकर दिए गए बयान पर राजेन्द्र शुक्ला ने कहा है कि इनसे ऐसी ही उम्मीद की जा रही थी और इनके द्वारा जो आरोप बीजेपी पर लगाये जा रहे हैं, ये नहीं लगायेंगे तो और कौन लगायेगा. दिग्विजय सिंह नेगेटिव बातें करने के आदी हो गये हैं।

# विवेकानंद जी के सपनों को साकार कर रहे हैं ह्यूमन राइट्स के कार्यकर्ता

**शिवम तिवारी (ब्यूरो रीवा)**




**रीवा।** ह्यूमन राइट्स जन सेवा कल्याण संस्था के द्वारा विधि महाविद्यालय के प्रांगण मे सेमिनार का आयोजन किया गया जिसका विषय ÷स्वामी विवेकानंद के सपनों का भारत÷ जिसके मुख्य वक्ता भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री गौरव तिवारी जी रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता विधी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ योगेन्द्र तिवारी तथा कार्यक्रम मे विशेष रूप से डा मंगल प्रसाद शुक्ल जी डा ऋषि तिवारी जी वरिष्ठ समाजसेवी रंजन गुप्ता जी श्रीं के के गुप्ता जी पंकज उपाध्याय एन एस यू आइ के जिला अध्यक्ष श्री मणिराज सिंह जी एवं कार्यक्रम का संचालन भास्कर मिश्रा ने किया ?। कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में श्री गौरव तिवारी जी ने कहा कि एक नरेंद्र ने सिकागो में अपना परचम लहराया था और दूसरे नरेंद्र मोदी आज पूरे देश में अपना परचम लहरा रहे हैं और आज हमारे देश में राम मंदिर का निर्माण हों रहा है और यह हियुमन राइट संस्थान अपने समाज सेवा के कार्य कर रही है और संस्था को बधाई शुभकामनाए दी साथ ही तिवारी जी ने कहा आज हमारा देश युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाने में लगा है और तभी हमारे स्वामी विवेकानंद जी के सपनों के भारत बनने में साकार हो रहा है कार्यक्रम में उपस्थित रहे योगेश शुक्ला, संजीव गुप्ता नीरज कुशवाहा बालेन्द्र सिंह जी, मनोज वर्मा डॉ आनन्द पाण्डेय जी श्री हरिओम कुशवाहा जी आदि लोग उपस्थित रहे,,

## कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. श्रीयुत श्रीनिवास तिवारी की 7वीं पुण्यतिथि



**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**

जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. श्रीयुत श्रीनिवास तिवारी की 7वीं पुण्यतिथि अवसर पर कांग्रेस कार्यालय में इंजी. राजेन्द्र शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं अजय मिश्रा बाबा महापौर के विशेष उपस्थिति में एक संगोष्ठि का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम श्री तिवारी के चित्र पर अतिथियों एवं उपस्थित कांग्रेस जनों द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कांग्रेस जनों का आहवान किया कि महापुरूषों की जयंती, पुण्यतिथि एवं अन्य उनके द्वारा किये गये कृतित्व के संबंध में इस प्रकार की संगोष्ठियों का कार्यक्रम आवश्यक रूप से



किया जाना चाहिए भविष्य में इसकी निरंतरता बनी रहनी चाहिए। श्री शर्मा ने कहा कि महापुरूषों को उनकी जयंती एवं पुण्यतिथि पर स्मरण करने से हम सब को मजबूती मिलती है। इस अवसर पर गोविंद दास तिवारी, त्रियुगी नारायण शुक्ला, चंद्रमणि शुक्ला, कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश सिंह, कुंवर सिंह, वसीम राजा, मानवेन्द्र सिंह नीरज, अनिल मिश्रा, सत्यनारायण तिवारी, रमाकांत मिश्रा, संगठन मंत्री रवि तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश द्विवेदी, शिवेन्द्र सिंह, रामकीर्ति शर्मा, रवि तिवारी, ममता सिंह, नरेश गुप्ता, विनय मिश्रा, सुरेश तिवारी, बृजवासी प्रसाद मिश्रा, सुरेन्द्र मिश्रा, राजेन्द्र तिवारी राजू, पुष्पेन्द्र द्विवेदी, पुष्पेन्द्र तिवारी, अमित द्विवेदी, राजेश नामदेव, प्रिंस मिश्रा, सुरेश वर्मा, सुनील तिवारी, जय सिंह, लल्लू यादव सहित सैकड़ों कांग्रेस जनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मऊगंज कलेक्टर अजय श्रीवास्तव सपरिवार पहुंचे देवतालाब असहाय दर्जनों लोगों बांटा कंबल

**मऊगंज(पुष्पांजली टुडे)**



--मऊगंज कलेक्टर अजय श्रीवास्तव अपनी पत्नी एवं पुत्र के साथ आज रात 9?40 देवतालाब शिव मंदिर पहुंचे जहां असहाय लोग ठंड से सिकुड़ रहे थे उनके बीच पहुंचकर उन्हें कंबल प्रदान किया। मऊगंज कलेक्टर अजय श्रीवास्तव अक्सर न्यारे ही काम करते हैं। गरीबों के प्रति उनकी एक अलग सोच है जहां गरीबों मजलूमों की मदद करने के लिए वह हमेशा तत्पर रहते हैं इतनी ठंड में जब असहाय लोग बिना रजाई कंबल के अपनी रात मंदिरों में या अन्य स्थानों पर गुजारते हैं उन्हें इसकी जानकारी मिलने पर परिवार के साथ पहुंचकर उन असहाय गरीबों को कंबल वितरित किया। मऊगंज कलेक्टर के इस कदम को उन गरीब परिवारों ने काफी सराहा है। मऊगंज कलेक्टर के साथ उनकी पत्नी एवं पुत्र तथा एसडीएम मऊगंज बृजेंद्र कुमार पांडेय ,तहसीलदार मऊगंज सौरव मरावी, देवतालाब तहसीलदार मान सिंह आर्मो, थाना प्रभारी लौर केपी त्रिपाठी एवं शिव मंदिर के बाबा उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट तथा फोरलेन की सर्विस लेन निर्माण की समीक्षा की

### एयरपोर्ट से जु निर्माण कार्य समय सीमा में पूरा कराने के दिए निर्देश

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)**



उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में एयरपोर्ट से जु निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि एयरपोर्ट से जु निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूरा कराएं। इसके प्रवेश द्वार से रिंग रोड-2 को जोने वाली सक के लिए भू अर्जन का कार्य पूरा कराकर इसका निर्माण शीघ्र शुरू कराएं। अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल एयरपोर्ट में बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए स्वीकृत निर्माण कार्य तत्काल शुरू करें। लाइन की शिफ्टिंग के साथ नई लाइन तैयार करने का काम भी शुरू कराएं। एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों का 26 जनवरी को निरीक्षण किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि फोर लेन सक की अगडाल में छूटी हुई सर्विस लेन का निर्माण दो दिवस में पूरा कराएं। इसका गणतंत्र दिवस में लोकार्पण किया जाएगा। एयरपोर्ट निर्माण तथा फोरलेन निर्माण से प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दें। कलेक्टर सभी मुआवजा प्रकरणों का निराकरण कराएं। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि एयरपोर्ट से रिंगरोड-2 तक सक मार्ग के लिए भू अर्जन की कार्यवाही लगभग पूरी हो गई है। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने पचमठा रोड के निर्माण के संबंध में कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग केपी द्विवेदी, कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह तथा एयरपोर्ट निर्माण से जु अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों को दी गयी यातायात के नियमों की जानकारी



**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**

पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के निर्देश पर उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार पाण्डेय द्वारा शैक्षणिक संस्थाओं में जाकर यातायात के नियमों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया जा रहा है। उपनिरीक्षक द्वारा सरस्वती स्कूल दीनदयाल धाम परा तथा केन्द्रीय विद्यालय में विद्यार्थियों को यातायात के नियमों का पालन करने की सीख दी गयी। उनके द्वारा दो पहिया वाहन चलते समय हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट लगाने की समझाइश दी गयी। उन्होंने विद्यार्थियों को नशामुक्ति अभियान, बों की आज्ञा का पालन करना सहित स्वच्छता के बारे में भी बताया ।

# मोदी के नेतृत्व में भाजपा 400 सीटों के साथ सरकार बनाएगी- भूपेन्द्र सिंह

### क्लस्टर प्रभारी भूपेंद्र सिंह ने दमोह लोकसभा क्षेत्र की बैठक ली

**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। विधानसभा चुनावों में प्राप्त मतों की दृष्टि से देखें तो भाजपा दमोह लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस से लगभग 2 लाख 55 हजार मतों से आगे रही है। आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा 400 सीटों के साथ केंद्र में सरकार बनाएगी। यह बात लोकसभा चुनाव संभागीय क्लस्टर प्रभारी, पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने दमोह भाजपा कार्यालय में दमोह लोकसभा क्षेत्र के आठों विधानसभाओं से आए भाजपा के पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कही। क्लस्टर प्रभारी, पूर्वमंत्री भूपेंद्र सिंह ने बैठक में बताया कि लोकसभा चुनाव की दृष्टि से भाजपा संगठन की व्यापक तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। मध्यप्रदेश की 29 लोकसभा सीटों को सात क्लस्टरों में विभाजित कर काम शुरू किया गया है जिसके सागर संभागीय क्लस्टर में दमोह,सागर, खजुराहो और टीकमग? लोकसभा क्षेत्र शामिल किए गए हैं। दमोह में आयोजित बैठक सागर संभागीय क्लस्टर की पहली बैठक है जिसमें गत 16 जनवरी को दिल्ली में राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा आयोजित बैठक में दी गई कार्ययोजना बैठक में बताई गई है। सिंह ने कहा कि दमोह में चुनावी दृष्टि से कार्य विभाजन और विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य और दिव्य श्री राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के पूर्व सभी मंदिरों की सफाई स्वच्छता अभियान संचालित किया जा रहा है। कुछ मंदिरों में 22 जनवरी को ब?ी एलईडी स्क्रीनों पर प्रसारण के माध्यम से प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में देश के करो?ों लोग शामिल होंगे। 22 जनवरी की संध्या दीपोत्सव मना कर दीपावली की तरह उत्सव मनाया जाएगा। 25 जनवरी तक विकसित भारत संकल्प यात्रा चल रही है जिसमें आए आवेदनों के निराकरण का प्रतिवेदन एकत्रित किया जाएगा और देखा जाएगा कि कितने लाभार्थियों को लाभ मिलना शेष है। बैठक में पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बताया कि 25 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नव मतदाता सम्मेलन को संबोधित करेंगे जिसके लाइव टेलीकास्ट में सभी लोकसभा व




विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित नव मतदाता सम्मेलनों के माध्यम से युवाओं को शामिल किया जाएगा। इस दौरान सभी मंत्रियों, सांसदों, विधायकों व पदाधिकारियों को दीवार लेखन करना है ताकि बूथ स्तर तक हर कार्यकर्ता दीवार लेखन के कार्य को प्राथमिकता और अनिवार्य रूप से करने के लिए संकल्पित हो। एक आगामी कार्यक्रम में पार्टी द्वारा हर लोकसभा क्षेत्र से 6000 कार्यकर्ताओं को अयोध्या ले जा कर भगवान श्री राम के भव्य मंदिर के दर्शन कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 31 जनवरी तक प्रत्येक लोकसभा में भाजपा के चुनाव कार्यालय खुल जाएंगे और फरवरी के मध्य तक सभी संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा के लोकसभा चुनाव कार्यालय आरंभ हो जाएंगे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष एड प्रीतम सिंह ने की और अपने अध्यक्षीय उदबोधन में कहा कि जिले की चारों विधानसभायें हमने ऐतहासिक मतों से जीत दर्ज की है और इसी तरह कार्यकर्ताओं के मेहनत के बल पर दमोह लोकसभा भी ऐतिहासिक मतों से जीतेगें ।बैठक के पश्चात पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने पत्रकार वार्ता में सभी पत्रकारों को बैठक के विषय में अवगत कराया और उनके सभी प्रश्नों के उत्तर दिए। बैठक में दमोह विधायक जयंत मलैया, राज्यमंत्री लखन पटेल राहुल सिंह लोधी, दमोह जिला भाजपा अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी, जबेरा विधायक एवं राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, बंडा विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी, पूर्वमंत्री रामकृष्ण कुसमरिया, पूर्व विधायक हरबंस सिंह राठौर,अभिषेक भार्गव, पूर्व बैंक अध्यक्ष राजेंद्र गुरू, पूर्व मंत्री दशरथ सिंह, पूर्व विधायक पी.एल. तंतुवाय, डॉ. विजय सिंह राजपूत, सोना बाई, प्रद्युम्नन सिंह लोधी, पिछडा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री संजय राय, लोकसभा विस्तारक बृजेश चौरसिया, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र व्यास, हेमंत छाबडा, श्याम शिवहरे, ऋषि लोधी, गोपाल पटैल, रामेश्वर चौधरी, संजय सेन, दीपक उपाध्याय, रूपेश सेन, अमित बजाज, अनुराग वर्धन हजारी, अरविंद उपाध्याय, संजय यादव, रश्मि साहू, अनीता खरे, वर्षा रैकवार, अर्चना जैन, बृजेश दुबे, रामलाल उपाध्याय, सुरेश पटैल, जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र सिंह परिहार, जिला सह मीडिया प्रभारी महेंद्र जैन, रिकूं अनिल गोस्वामी, संदीप शर्मा, कृष्णा राज, पवन तिवारी, बृजेश सिंह, देवकी नंदन पटैल, ललित पटैल, महेश पटैल, लाखन सिंह, कपिल शुक्ला, राजावीर सिंह चौहान, रवि पटैल, राजेंद्र सिंह, हल्कू सिंह, सत्यपाल सिंह, शीतल राय, सचिन जैन, गोविंद यादव, भारत सिंह मोर्चा जिलाध्यक्ष भरत यादव, शिखा जैन, भोला सराफ, गनेश जाटव सहित सभी मंडल अध्यक्षों व महामंत्रियों, सभी मोर्चा अध्यक्षों ने हिस्सा लिया।

## श्रीमद् भागवत कथा भक्ति यज्ञ की शोभा यात्रा शामलाधीश प्यासी मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो से गुजरती हुई कथा स्थल विजयनगर पहुंची

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**



दमोह। कथा के प्रथम दिवस आनंद वृंदावन से पधारे परम पूज्य स्वामी अखंडानंद सरस्वती जी के परम कृपापात्र स्वामी श्री श्रवणानंद सरस्वती जी ने बताया कि समय परिवर्तित होता है तो समस्याओं को भी जन्म देता है और संसार में जिन समस्याओं का जन्म होता है उसका समाधान भी होता है। संसार की समस्त समस्याओं का समाधान परमात्मा के पास है या महात्मा के पास है देवर्षि नारद जैसे महापुरुष उस समय समाज के शुभचिंतकों में एक थे। यदि आधुनिक भाषा में कहा जाए तो निश्चित रूप से वे एक सर्वश्रेष्ठ पत्रकार थे । विश्व के यदि प्रथम पत्रकारों में किसी का नाम लिया जाए तो देवर्षि नारद जी । उन्होंने संसार की समस्याओं को देखा, तीर्थ की समस्याओं को देखा,संतों की समस्याओं को दिखा, समाज की समस्याओं



को देखा परिवार की समस्याओं को दिखा खोज के लिए निकले किंतु उसका समाधान यदि किसी के पास मिला तो संतो के पास मिला। संतों ने ही उसका समाधन दिया और उस समाधान का नाम है सत्संग, ज्ञान यज्ञ । ज्ञान यज्ञ ही हर समस्या का समाधान है , पतित से पतित व्यक्ति भी परमात्मा को प्राप्त कर सकता है उसका अधिकार है परमात्मा से मिलना। गोकर्ण जी महाराज ने धुंधकारी जैसे प्रतीत को भी परमात्मा से मिला दिया सत्संग के माध्यम से ज्ञान यज्ञ के माध्यम से। पुरुषार्थ करने के बाद भी कई बार व्यक्ति को समस्या का समाधान नहीं मिल पाता है । देवर्षि नारद जी महाराज ने वेदव्यास जी महाराज को भी समस्या का समाधान दिया । वह भी समाधान सत्संग ही था, व्यक्ति के जीवन में सत्संग मिलता है तो निश्चित रूप से उसका उद्धार होता है दुख से छुटकारा होता है। परमात्मा की शरण जाने के बाद भी समस्याएं आती रहेगी किंतु संतों से उसका समाधान होता रहेगा यह राजर्षि परीक्षित के चरित्र से सीखने लायक है कभी भी प्रमाद युक्त मत बनो , प्रमाद ही मृत्यु है और यदि कोई अपराध हो भी जाए तो खड़े होकर के चलना सीखो उसका भी समाधान मिलेगा। हार कर मत बैठो जो हार जाता है वो हरि तक कभी नही पहुंचता है, और जो नहीं हारता है उसका हाथ हरि पकड़ करके चलता है। हरो मारो मत सदा बढ़ते रहो यही मानव जीवन का लक्ष्य है। और यही भागवत सिखाता है।

## मदिरा का क्रय-विक्रय व परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा-कलेक्टर मयंक अग्रवाल 22 एवं 26 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

दमोह। अयोध्या उत्तरप्रदेश में श्रीराम मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। इस अवसर पर जिले के विभिन्न स्थानों पर ब? कार्यक्रम, समारोह, जुलूस व प्रभातफेरी आदि की संभावनाओं को देखते हुये 22 जनवरी 2024 तथा 26 जनवरी 2024 गणतंत्र दिवस को मध्यप्रदेश शासन द्वारा 'शुष्क दिवस' घोषित करने के आदेश जारी किये गये है। इसी तारतम्य में कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने जिले की फुटकर बिक्री की मदिरा दुकानों की निष्पादन व्यवस्था वर्ष 2023-24 की कंडिका क्रमांक 37.1 अनुसार 22 जनवरी 2024 को संपूर्ण दिवस एवं 26 जनवरी 2024 (गणतंत्र दिवस) के लिए 'शुष्क दिवस' घोषित किया है। उन्होंने दमोह जिले के मदिरा के सभी फुटकर विक्रय केन्द्र यथा लायसेंस सी.एफ.एल.-1, एफ.एल.-2 बार, एफ.एल.-3 बार एवं भांग दुकान दमोह तथा थोक विक्रय केंद्र देशी मदिरा मद्यभाण्डागार दमोह एवं हटा को उक्त सम्पूर्ण दिवस के लिए बंद रखा जायेगा तथा मदिरा का क्रय-विक्रय व परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## मारुति सुजुकी इंडिया का ऐलान, जनवरी में बढ़ेगी वाहनों की कीमत

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआई) ने जनवरी से अपनी कार की कीमतें बढ़ाने का ऐलान किया है। इसलिए ग्राहकों को सस्ते में कार खरीदने का मौका 31 दिसंबर तक ही है। मारुति सुजुकी ने सोमवार को शेयर बाजार को बताया कि कंपनी महंगाई और कमोडिटी की बढ़ती कीमतों के कारण वह जनवरी, 2024 से अपने वाहनों की कीमतें बढ़ाने की योजना बना रही है। एमएसआई ने कहा कि कीमतों में यह बढ़ोतरी सभी मॉडलों के लिए अलग-अलग होगी। हालांकि, कंपनी ने वाहनों के कितने दाम बढ़ाए जाएंगे, इसकी जानकारी नहीं दी है। एमएसआई कम कीमत की छोटी कार ऑल्टो से लेकर मल्टी-यूटिलिटी वाहन इनविक्टो तक वाहनों की एक श्रृंखला बेचती है। इनकी कीमत 3.54 लाख रुपये से 28.42 लाख रुपये (एक्स-शोरूम दिल्ली) के बीच है। गौरतलब है कि जर्मन लग्जरी कार निर्माता कंपनी ऑडी इंडिया ने कच्चे माल की मांग और परिचालन लागत बढ़ने का हवाला देते हुए एक जनवरी, 2024 से भारत में अपने वाहनों की कीमतें दो फीसदी तक बढ़ाने की घोषणा की है।




## 'कंपनी और कारोबार के लिए प्रतिबद्ध', निदेशक मंडल और कर्मचारियों को गौतम सिंघानिया का ईमेल

**नई दिल्ली।** रेमंड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक गौतम सिंघानिया ने पारिवारिक मसलों के बीच अपने कर्मचारियों और निदेशक मंडल को ईमेल किया। इसमें उन्होंने कंपनी का कामकाज सामान्य ढंग से चलने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि किसी भी हालात में कंपनी का काम प्रभावित नहीं होगा, बल्कि सुचारू रूप से पूरी तरह चलता रहेगा। चेयरमैन ने मंड के निदेशक मंडल के सदस्यों और कर्मचारियों को एक आंतरिक मेल भेजा, जिसमें उन्होंने अपनी प्रतिबद्धता सुनिश्चित की है। उन्होंने ईमेल के जरिए बताया कि उन्होंने अपनी निजी जिंदगी के बारे में आ रही मीडिया रिपोर्टों पर टिप्पणी नहीं करने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा, अपने परिवार की गरिमा बनाए रखना मेरे लिए सबसे ऊपर है। इसके साथ ही उन्होंने रेमंड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक के तौर पर कंपनी के सुचारू संचालन और इसके कारोबार के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने कहा 'इस मुश्किल दौर में भी मैं आपको यकीन दिलाता हूं कि रेमंड के भीतर सामान्य ढंग से ही कामकाज चल रहा है।'



## इस हफ्ते पांचों आईपीओ की लिस्टिंग, निवेशकों को मिलेगा जमकर फायदा; ग्रे मार्केट में 80फीसदी उछला भाव

**बीजिंग।** पांच कंपनियों के पिछले हफ्ते बंद हुए प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के शेयर इस हफ्ते सूचीबद्ध होंगे। इन सभी में निवेशकों को बेहतर फायदा मिलने की उम्मीद है। सबसे अधिक 80 फीसदी का रिटर्न टाटा टेक के शेयरों में मिल सकता है। सबसे कम फायदा फेडफिना में मिलने की उम्मीद है। पांचों कंपनियां 7,377 करोड़ रुपये जुटाने उतरी थीं। इसके एवज में इनको 2.59 लाख करोड़ रुपये के आवेदन मिले थे।

**30 को सूचीबद्ध होगा टाटा टेक**

टाटा टेक ने बाजार से 3,042 करोड़ रुपये जुटाए थे। इसके शेयर 30 नवंबर को सूचीबद्ध होंगे। इसमें खुदरा निवेशकों का हिस्सा 16.50 गुना भरा था। फेडफिना ने 1,092 करोड़ जुटाए और गांधार ऑयल ने 500 करोड़ रुपये जुटाए। फेडफिना में खुदरा निवेशकों का हिस्सा 1.88 गुना और गांधार में करीब 30 गुना भरा था। इन दोनों के शेयर भी 30 नवंबर को ही सूचीबद्ध होंगे।

**फ्लेयर-इरेडा पर भी भरोसा**

फ्लेयर राइटिंग ने 593 करोड़ रुपये जुटाए। इसमें खुदरा निवेशकों का हिस्सा करीब 14 गुना भरा। इसके शेयर एक दिसंबर को सूचीबद्ध होंगे। सरकारी कंपनी इरेडा ने 2,150 करोड़ रुपये जुटाए। इसका शेयर 29 नवंबर को सूचीबद्ध होगा। खुदरा निवेशकों का हिस्सा सात गुना से ज्यादा भरा था।

**40 आईपीओ, 38 में हुई कमाई**

इस साल अब तक कुल 45 आईपीओ आए हैं। इनमें से 40 के शेयर सूचीबद्ध हुए हैं। 38 में निवेशकों ने जमकर कमाई की है। चालू वित्त वर्ष में एसएमई को मिलाकर अब तक 175 से ज्यादा कंपनियां बाजार में उतर चुकी हैं। इनमें भी ज्यादातर में निवेशकों को मुनाफा हुआ।

# एचडीएफसी बैंक ने नाबार्ड के पूर्व चेयरमैन भनवाला को निदेशक नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक ने नाबार्ड के पूर्व चेयरमैन हर्ष कुमार भनवाला को अतिरिक्त स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया है। भनवाला की नियुक्ति 23 नवंबर, 2023 से तीन साल की अवधि के लिए की गई है।

एचडीएफसी बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि एचडीएफसी बैंक के निदेशक मंडल ने नाबार्ड के पूर्व अध्यक्ष हर्ष कुमार भानवाला को अतिरिक्त स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्ति को अपनी मंजूरी दे दी है। इसके अलावा निदेशक मंडल (बोर्ड) ने बैठक में पूर्व एचडीएफसी लिमिटेड के मुख्य वित्त अधिकारी वी. श्रीनिवास रंगन को 23 नवंबर, 2023 से तीन साल के लिए कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्ति को भी मंजूरी दी है। बैंक ने बताया कि हर्ष कुमार भानवाला को 25 जनवरी, 2024 से 24 जनवरी, 2027 तक यानी तीन साल के लिए अतिरिक्त स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया गया है। एचडीएफसी ने बताया कि दोनों ही नियुक्तियां शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन हैं। गौरतलब है कि हर्ष कुमार भनवाला को दिसंबर, 2013 में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था। वे 18 दिसंबर, 2013 से 27 मई, 2020 तक नाबार्ड के अध्यक्ष थे।



## 4 करोड़ या इससे ज्यादा कीमत के लग्जरी घरों की बिक्री में जबरदस्त उछाल; इस शहर में सबसे ज्यादा डिमांड

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट फर्म सीबीआरई की एक रिपोर्ट में आज कहा गया है कि जनवरी और सितंबर 2023 के बीच भारत के सात प्रमुख शहरों में 4 करोड़ रुपये और उससे अधिक मूल्य के लक्जरी घरों की बिक्री में साल-दर-साल 97 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस अवधि में कुल लक्जरी आवास बिक्री में 90 प्रतिशत हिस्सेदारी दिल्ली-एनसीआर, मुंबई और हैदराबाद की रही। इसमें दिल्ली-एनसीआर का हिस्सा 37 फीसदी, मुंबई का 35 फीसदी और हैदराबाद का 18 फीसदी रहा। वहीं शेष 4 प्रतिशत हिस्सा पुणे का रहा है। कई कारकों ने लक्जरी आवास की बिक्री में वृद्धि को प्रेरित किया, जिसमें एक मजबूत अर्थव्यवस्था, बढ़ती डिस्पोजेबल आय, उन्नत जीवन स्तर की आकांक्षा और प्रमुख महानगरीय क्षेत्रों में लक्जरी आवासों की कमी शामिल है। सीबीआरई ने कहा कि अक्तूबर से दिसंबर के त्योहारी सीजन में लक्जरी आवास बिक्री में और वृद्धि देखने की उम्मीद है। कंपनी ने कहा कि उसे अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में पहली बार लग्जरी घर खरीदने वालों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। इस वृद्धि का प्राथमिक कारण बढ़ती आकांक्षाएं और बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था है। डेवलपर्स द्वारा प्रोत्साहन और स्मार्ट होम तकनीक जैसे स्मार्ट स्विच और फोन पर एक क्लिक से प्रकाश और अन्य चीजों को नियंत्रित करना लक्जरी घर में इस उछाल के कुछ कारण हैं।

## खान मंत्रालय 29 नवंबर को महत्वपूर्ण खनिजों पर करेगा बैठक

**नई दिल्ली।** खान मंत्रालय 29 नवंबर को राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में महत्वपूर्ण खनिजों की वैश्विक कार्रवाई को आगे बढ़ाने में सरकार और उद्योग की भूमिका पर एक कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इस कार्यक्रम में विभिन्न देशों के राजदूतों के साथ-साथ भारत में कंपनियों के प्रतिनिधि और अन्य संबंधित पक्ष शामिल होंगे।

खान मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि देश में महत्वपूर्ण खनिजों के लिए एक नीति तैयार करने की प्रक्रिया में है। इस नीति में इन जरूरी संसाधनों की आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने के लिए एक व्यवस्थित खाका शामिल होगा। मंत्रालय के मुताबिक तांबा, लिथियम, निकल, कोबाल्ट जैसे दुर्लभ खनिज और महत्वपूर्ण खनिज आज पवन टरबाइन और बिजली नेटवर्क से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) तक तेजी से वृद्धि कर रही है, जो स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के लिए जरूरी तत्व हैं। मंत्रालय की यह रणनीति महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती को सुनिश्चित करने में भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों की जिम्मेदारियां भी तय करेगी। इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण खनिजों पर जी-20 चर्चा को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न देशों के राजदूतों और मिशन प्रमुखों के साथ-साथ भारत में व्यवसायों के प्रतिनिधि और अन्य हितधारक शामिल होंगे। इसके अलावा खान मंत्रालय खनिज सुरक्षा साझेदारी (एमएसपी), ऑस्ट्रेलिया-भारत आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते जैसी नई साझेदारियों तथा गठबंधनों में सक्रिय रूप से शामिल है।




## अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में राजसिको ने बढ़ाया राजस्थान का रुतबा, पवेलियन को मिला अवॉर्ड

**जयपुर।** नई दिल्ली के प्रगति मैदान में अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला का विधिवत समापन हुआ। आज के समारोह में राजस्थान को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए अवॉर्ड मिला। इस वर्ष राजस्थान पवेलियन में राज्य की कला, संस्कृति, हस्तशिल्प, पर्यटन एवं उद्योगीकरण का अनूठा प्रदर्शन करके एक नया लुक दिया गया।

इस अंतरराष्ट्रीय फेयर में देश भर के सभी राज्यों, केंद्रीय सरकार के विभागों, अन्य देशों, प्राइवेट सेक्टर की नामचीन कंपनियों ने भाग लिया। राजस्थान पवेलियन का शुभारंभ अतिरिक्त मुख्य सचिव वीनू गुप्ता ने किया था। राजस्थान लघु उद्योग निगम (राजसीको) की प्रबंध निदेशक डॉ. मनीषा अरोड़ा ने बताया कि इस वर्ष राज्य के हुए उद्योगीकरण, निर्यात, ग्रीन एनर्जी के उपयोग, रोजगार सृजन, महिला सशक्तीकरण, मिलेट्स उत्पादन इत्यादि की उपलब्धियों को देश-विदेश से आने वाले विजिटर्स के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

उन्होंने कहा कि फेयर में राजस्थान पवेलियन को अवॉर्ड मिलना समस्त राज्य के लिए गौरव की बात है। राज्य के हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए हस्तशिल्पियों को रियायती दरों पर स्थान दिया गया और हस्तकला का जीवंत प्रदर्शन गया। पवेलियन में प्रदर्शित इलेक्ट्रिक स्कूटर और विंड मिल के मॉडल विशेष आकर्षण रहे। राज्य की ओर से पवेलियन निदेशक दिनेश सेठी ने अवार्ड लिया।



# ऑडी इंडिया पहली जनवरी से कीमतों में दो फीसदी तक बढ़ोतरी करेगी

**नई दिल्ली।** जर्मन लग्जरी कार निर्माता कंपनी ऑडी इंडिया ने अपनी कार के दाम में इजाफा करने का ऐलान किया है। कंपनी ने जनवरी, 2024 से अपने सभी मॉडलों की कीमतों में 2 फीसदी तक की बढ़ोतरी करने की घोषणा की है। ऑडी की कीमतों में यह बढ़ोतरी एक जनवरी, 2024 से लागू होगी।

कंपनी ने जारी बयान में कहा कि भारत में वाहनों कीमतों में दो फीसदी तक की बढ़ोतरी की जाएगी। ऑडी इंडिया ने बताया कि यह बढ़ोतरी सभी मॉडल रेंज में होगी, जो एक जनवरी, 2024 से प्रभावी होगी। कंपनी ने कहा है कि बढ़ती इनपुट और परिचालन लागत के कारण कीमतों में ये बढ़ोतरी जरूरी हो गई थी।

ऑडी इंडिया प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने बताया कि हमने आपूर्ति-श्रृंखला संबंधित कच्चे माल की बढ़ती मांग और परिचालन लागत के कारण हमने ब्रांड की प्रीमियम मूल्य स्थिति को बनाए रखते हुए मॉडल रेंज में मूल्य सुधार किया है। उन्होंने कहा कि मूल्य वृद्धि का असर ग्राहकों पर कम से कम पड़े, यह सुनिश्चित किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि ऑडी इंडिया, 2024 के लिए अपने सभी मॉडल और रेंज की कीमतों में बढ़ोतरी करने वाली पहली कार निर्माता कंपनी में से एक है। ऑडी इंडिया क्यू3 एसयूवी से लेकर स्पोर्ट्स कार आरएसक्यू8 तक कई वाहन बेचती है, जिनकी कीमत 42.77 लाख रुपये से लेकर 2.22 करोड़ रुपये के बीच है।



## वित्त वर्ष 2024 में 155 मिलियन घरेलू हवाई यात्री यातायात का अनुमान

**नई दिल्ली।** भारत को चालू वित्त वर्ष में लगभग 155 मिलियन घरेलू हवाई यात्री ट्रैफिक देखने का अनुमान है। जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, घरेलू वाहकों के ग्राउंडेड विमानों की संख्या लगभग 200 होने की उम्मीद है। विमानन सलाहकार फर्म सीएपीए इंडिया ने कहा कि मार्च 2024 को समाप्त होने वाले वर्ष में अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्री यातायात लगभग 70 मिलियन होने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2024 में घरेलू हवाई यातायात अब तक हर महीने वित्त वर्ष 2020 के स्तर से ऊपर रहा है, हालांकि पिछले कुछ महीनों में रिकवरी की ताकत कम हो गई है। इसमें कहा गया है, 'मई 2023 से, अंतरराष्ट्रीय यातायात काफी हद तक वित्त वर्ष 2020 के अनुरूप बना हुआ है, लेकिन वर्ष के शेष भाग में इसके आगे बढ़ने की उम्मीद है।' अपनी मार्च रिपोर्ट में, सीएपीए इंडिया ने घरेलू हवाई यात्री यातायात 160 मिलियन से अधिक और अंतर्राष्ट्रीय हवाई यात्री यातायात 72-75 मिलियन होने का अनुमान लगाया था। रिपोर्ट के अनुसार, समग्र उद्योग लाभप्रदता काफी हद तक 1.6-1.8 बिलियन अमरीकी डॉलर के नुकसान के हमारे प्रारंभिक मार्गदर्शन के अनुरूप होने की उम्मीद है, जिसमें से पूर्ण-सेवा वाहकों से 1.4-1.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर और कम लागत वाले वाहकों से 200-300 मिलियन अमेरिकी डॉलर की उम्मीद की जाती है। प्रैट एंड व्हिटनी इंजन के मुद्दों के कारण परिचालन के दृष्टिकोण से बहुत चुनौतीपूर्ण FY2024 होने के बावजूद, इंडिगो को 500 मिलियन अमरीकी डॉलर का रिकॉर्ड लाभ होने की उम्मीद है और इसके नकदी शेष में 1.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर की वृद्धि होगी।

# एसएंडपी ने भारत की जीडीपी ग्रोथ अनुमान को बढ़ा कर 6.4 फीसदी किया

**नई दिल्ली।** वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ा दिया है। रेटिंग एजेंसी ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ के अनुमान को छह फीसदी से बढ़ा कर 6.40 फीसदी कर दिया है। वहीं, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी ग्रोथ रेट को 6.9 फीसदी से घटा कर 6.40 फीसदी कर दिया है।

एसएंडपी ग्लोबल ने जारी रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6 फीसदी से बढ़ा कर 6.40 फीसदी कर दिया। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार के आसार दिख रहे हैं। एसएंडपी का कहना है कि घरेलू स्तर पर अर्थव्यवस्था को जोरदार सपोर्ट मिल रहा है। ऐसे में महंगाई और कमजोर एक्सपोर्ट भी अर्थव्यवस्था की विकास दर को कमजोर नहीं कर पाएगा और भारत के जीडीपी में जबरदस्त उछाल आएगा। एसएंडपी के मुताबिक भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अनुमान से तेज गति से बढ़ेगी, लेकिन आगामी वित्त वर्ष 2022-4-25 में इसकी रफ्तार थोड़ी सुस्त हो सकती है। एजेंसी ने कहा कि इस वित्त वर्ष में जीडीपी ग्रोथ के अनुमान को 6.9 फीसदी से घटा कर 6.40 फीसदी कर रहे हैं। इससे पहले फिच रेटिंग्स ने हाल ही में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की विकास दर 6.30 फीसदी रहने की उम्मीद जताई थी। उल्लेखनीय है कि 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्त वर्ष 2022-23 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2 फीसदी की दर से बढ़ी। वहीं, चालू वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही (अप्रैल-जून) में भारत की जीडीपी ग्रोथ 7.8 फीसदी रही थी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने मौजूदा वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि दर 6.50 रहने का अनुमान जताया है।




# फॉक्सकॉन ने भारत में 1.5 अरब डॉलर निवेश करने का किया एलान, कंपनी ने 'मेक इन इंडिया' पर कही यह बात

**नई दिल्ली।** आईफोन बनाने वाली कंपनी एपल के प्रमुख विनिर्माण साझेदार फॉक्सकॉन ने दक्षिण एशियाई बाजार में राजस्व बढ़ाने के बाद भारत में 1.54 अरब डॉलर का निवेश करने की योजना बनाई है। फॉक्सकॉन ने ताइवान में शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि इस निवेश से उसे परिचालन जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। इस निवेश का एलान ताइवान की कंपनी की ओर से अगले साल तक भारत में अपने कार्यबल और निवेश को दोगुना करने की योजना सार्वजनिक करने दो महीने बाद हुआ है।

**एपल सहित कई तकनीकी दिग्गज कंपनियों के साथ काम करता है फॉक्सकॉन**

फॉक्सकॉन एपल सहित कई नामी-गिरामी तकनीकी दिग्गज कंपनियों के साथ विनिर्माण का काम करती है। कंपनी भारत में संयंत्रों को मजबूत बनाने की दिशा में काम कर रही है क्योंकिं कई तकनीकी दिग्गज अपने विनिर्माण एक हिस्सा भारत में स्थानांतरित करना चाहते हैं। जानकार इसे चाइना प्लस वन नीति का हिस्सा मानते हैं।

**कंपनी चीन के बाद अब भारत में विनिर्माण गतिविधियों पर कर रहा फोकस**

फॉक्सकॉन, जो वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ी ईएमएस (इलेक्ट्रॉनिक मैन्यूफैक्चरिंग सर्विसेज) प्रदाता कंपनी है। कंपनी ने चीन में 2001 से 2017 के दौरान चीन में बड़े पैमाने पर निवेश किया हालांकि अमेरिका-चीन के बीच व्यापारिक तनाव बढ़ने के बाद 2018 से इसमें नरमी आई है। भारत में तीन विनिर्माण परिसरों का संचालन करने वाली कंपनी फॉक्सकॉन ने इस साल की शुरुआत में वेदांता के साथ 19.5 अरब डॉलर के चिपमेकिंग के संयुक्त उद्यम से अपने हाथ खींच लिए थे। हालांकि कंपनी ने यह कहा था कि वह भारत में अपना काम जारी रखेगा और वह भारत की महत्वकाक्षाओं के प्रति आश्वस्त है।

कंपनी ने कहा है, 'नई जगह पर नए सिरे से शुरुआत करना एक चुनौती है, लेकिन फॉक्सकॉन भारत में निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम 1980 के दशक से इस तरह की चुनौतियों पर काम कर रहे हैं। फॉक्सकॉन भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया' से जुड़ी महत्वाकांक्षाओं का मजबूती से समर्थन करना जारी रखेगी और हितधारकों की जरूरतों को पूरा करेगी।' बीते अगस्त में फॉक्सकॉन ने आईफोन के लिए चिप-उपकरण और केसिंग के घटकों के निर्माण के लिए कर्नाटक में दो परियोजनाओं में 60 करोड़ डॉलर का निवेश करने की घोषणा की थी।




# दिसंबर महीने में 18 दिन बंद रहेंगी बैंक शाखाएं

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दिसंबर 2023 की छुट्टियों के कैलेंडर के अनुसार दिसंबर महीने में कुल 18 दिन बैंक बंद रहेंगे। इन छुट्टियों में साप्ताहिक रविवार और महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को मिलने वाली छुट्टियां शामिल हैं। इन में से कुछ छुट्टियां किसी विशेष राज्य या क्षेत्र के लिए ही हैं। हालांकि 18 दिनों की इन छुट्टियों के दौरान ऑनलाइन बैंकिंग सेवाएं ग्राहकों के लिए उपलब्ध होंगी। ग्राहक इनके जरिए अपने बैंकिंग से जुड़े काम निपटा सकेंगे।

1. 1 दिसंबर (शुक्रवार): राज्य स्थापना दिवस/स्वदेशी आस्था दिवस के कारण अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में बैंक बंद
2. 3 दिसंबर (रविवार):साप्ताहिक छुट्टी
3. 4 दिसंबर (सोमवार) : संत फ्रांसिस जेवियर का पर्व, गोवा में बैंक बंद रहेंगे
4. 9 दिसंबर (शनिवार): दूसरे शनिवार की छुट्टी
5. 10 दिसंबर (रविवार): साप्ताहिक छुट्टी
6. 12 दिसंबर (मंगलवार): पो-तोगन नेंगमिंजा संगमा के कारण मेघालय में बैंक बंद
7. 13 दिसंबर (बुधवार): लुसुंग/नामसूंग- सिक्किम में बैंक बंद
8. 14 दिसंबर (गुरुवार): लुसुंग/नामसूंग- सिक्किम में बैंक बंद
9. 17 दिसंबर (रविवार): साप्ताहिक छुट्टी
10. 18 दिसंबर (सोमवार): यू सोसो थाम की पुण्यतिथि, मेघालय में बैंक बंद
11. 19 दिसंबर (मंगलवार): गोवा मुक्ति दिवस, गोवा में बैंक बंद
12. 23 दिसंबर (शनिवार): चौथे शनिवार की छुट्टी
13. 24 दिसंबर (रविवार): साप्ताहिक छुट्टी
14. 25 दिसंबर (सोमवार): (क्रिसमस)- सभी राज्यों में बैंक बंद हैं।
15. 26 दिसंबर (मंगलवार): क्रिसमस सेलिब्रेशन- मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय में बैंक बंद हैं।
16. 27 दिसंबर (बुधवार): क्रिसमस- अरुणाचल प्रदेश में बैंक बंद हैं।
17. 30 दिसंबर (शनिवार): यू कियांग नांगबाह- मेघालय में बैंक बंद हैं।
18. 31 दिसंबर (रविवार): साप्ताहिक छुट्टी



# 25 जनवरी को मनाया जायेगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**खरगोन जिले से मुन्ना खान**
**ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

आम मतदाताओं में चुनावों के प्रति जागरूकता पैदा करने एवं उन्हें चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रति वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। 25 जनवरी 1950 को भारत के निर्वाचन आयोग की स्थापना हुई थी और 25 जनवरी 2011 से प्रति वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कर्मवीर शर्मा के मार्गदर्शन में 25 जनवरी 2024 को खरगोन जिले में 14 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। जिला मुख्यालय खरगोन में पीजी कालेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में 25 जनवरी को प्रातरू 11 बजे राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलायी जायेगी। देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए मताधिकार करने की शपथ अधिकारी-कर्मचारी लेंगे। सभी को निर्भीक होकर, धर्म,वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मतधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी दिलायी जायेगी। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर 25 जनवरी को मतदान केर्न्द्श स्तर पर भी कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में 18 वर्ष की आयु के नये मतदाता, जिनके नाम मतदाता सूची में शामिल हो चुके हैं, उन्हें फोटो युक्त मतदाता पहचान पत्र भी प्रदान किये जायेंगें।

# 22 जनवरी को आधे दिवस का अवकाश घोषित

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

राज्य शासन द्वारा अयोध्या में राम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर प्रदेश के सभी शासकीय कार्यालयों में 22 जनवरी 2024 (सोमवार) को आधे दिवस का (अपरान्ह 2:30 बजे तक) अवकाश घोषित किया गया है।

## जिन्होनें राम के अस्तित्व को नकारा है,जनता उन्हें नकार देगी : जयभानसिंह

# जिन्होनें राम के अस्तित्व को नकारा है,जनता उन्हें नकार देगी : जयभानसिंह

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। अयोध्या में मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम के 22 जनवरी 2024 को श्रजन्म भूमि परिसर में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रामजन्म भूमि आंदोलन के नायक पूर्व सांसद व बजरंग दल के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक कु.जयभानसिंह पवैया अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत भिण्ड होते हुए अयोध्या के लिए प्रस्थान किया।रास्ते में पार्टी कार्यकर्ता एवं रामभक्त एवं अयोध्या में राममंदिर आंदोलन में शहीद कारसेवकों के प्रति श्रद्वांजलि अर्पित करते हुए विजय ध्वज फहराया। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रामजन्म भूमि आंदोलन के मुख्य नायक, पूर्व सांसद,बजरंग दल के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक कु.जयभानसिंह पवैया ग्वालियर से भिण्ड की सीमा में प्रस्थान करते हुए गोहद चैराहे पर कार सेवा में शहीद हुए प्रमुख संत पुत्तू बाबा के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। अयोध्या जाते समय तत्कालीन सरकार द्वारा बनाई गई दीवाल तो?ने में अयोध्या के लिए कारसेवकों ने प्रस्थान किया,जहां चंबल पुल पर विजय ध्वज फहराया कु.जयभानसिंह पवैया का परेड चैराहे पर पार्टी कार्यकर्ता एवं सभी रामभक्त उनका स्वागत किया। इटावा होते अयोध्या के लिए प्रस्थान किया,पवैया की अगुवानी करते अयोध्या जाने के लिए



उनको ससम्मान विदाई दी। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रामजन्म भूमि आंदोलन के मुख्य नायक, पूर्व सांसद,बजरंग दल के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक कु.जयभानसिंह पवैया का गोहद से लेकर चंबल पुल तक पार्टी कार्यकर्ताओं एवं राम भक्तों ने जय-जय श्रीराम का उद्घोष करते हुए ऐतिहासिक स्वागत किया। इसी तरह भाजयुमो के युवा नेता जयंत किरार ने भी अपने युवा साथियों के साथ उनकी अगुवानी करते हुए पुष्पवर्षा की। भिण्ड शहर में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांसद संध्या राय,जिलाध्यक्ष देवेन्द्रसिंह नरवरिया ने उनकी अगुवानी करते हुए स्वागत किया। इस अवसर पर म.प्र.सरकार में नवीन एवं नवीनीकरण ऊर्जा केबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला, पूर्व नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ.पी.एस.भदौरिया ,भाजपा वरिष्ठ नेता केशवसिंह भदौरिया,जण्डेल सिंह कुशवाह,श्रीराम मंदिर संकल्प अभियान समिति के जिला संयोजक रामप्रकाश तिवारी,जिला उपाध्यक्ष अनिल कटारे,बजरंगसिंह भदौरिया,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष आभा जैन,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सीमा शर्मा, जिला उपाध्यक्ष विनीता सोनी,गीता राजावत,शीला शर्मा,बेबी राठौर,खुशबू जैन, ज्योति सुदर्शन बौहरे,गुड्डी राजावत,मण्डल अध्यक्षों में प्रदीपसिंह भदौरिया टीपू,अमित जैन,शेरु पचैरी, जिला महामंत्री मनोज अनंत,रोहित शाक्य,शेखर खटीक,संतोषसिंह मसूरी,वैभवसिंह कुशवाह,धर्मेन्द्र सिंह राजावत,कप्तानसिंह कुशवाह,सूर्यकान्त श्रीवास,पि.वर्ग मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राम अवतार शिवहरे,विष्णुकुमार शर्मा,वीरसिंह भदौरिया,पि.वर्ग जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्रसिंह गुर्जर,गोहद नगर अध्यक्ष विवेक जैन,गोहद ग्रमीण मंडल अध्यक्ष दीपकसिंह तोमर सहित प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शीत लहर से बचना है तो करे ये उपाय... डा.प्रमोद शर्मा बीएमओ अम्बाह

**केशब पंडित जी अम्बाह**

**अम्बाह...** प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अम्बाह डा. प्रमोद शर्मा ने कहा कि ठंड बढ़ने के साथ सर्द हवाओं ने लोगों को परेशान कर दिया है। जिन लोगों की इम्यूनिटी कमजोर होती है, उन्हें सबसे ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। शीतलहर से बचने के लिए ये उपाय करें।ठंड बढ़ने के साथ सबसे पहली बात का ध्यान रखें कि जरूरत हो तभी घर से बाहर निकलें। अगर बाहर जा रहे हैं तो शरीर को पूरी तरह से गर्म कप?ों से ?क लें। खासकर कान, गला, नाक और हाथ-पैर को कवर कर लें। मास्क पहनकर घर से निकलें। सर्दी में प्यास कम लगती है। इसलिए लोग कम पानी पीते हैं। लेकिन, ये गलत है सर्दियों में आपको खूब पानी पीना चाहिए। ठंड में दिनभर गर्म पानी पीएं। शरीर



को गर्म रखने के लिए सिर्फ चाय ही नहीं बल्कि लैमन टी, ग्रीन टी, ब्लैक टी या सूप का सेवन करें। इससे गले का इंफेक्शन दूर होगा और जुकाम-खांसी में आराम मिलेगा। ठंड से बचने के लिए विटामिन सी का सेवन करें। इससे इम्यूनिटी मजबूत होती है और ठंड का असर भी कम होता है। आप डाइट में संतरा, नींबू, मौसमी और आंवला शामिल करें। शीतलहर से त्वचा और बाल भी प्रभावित होते हैं। ठंड में त्वचा रूखी और बेजान हो जाती है। ऐसे में त्वचा पर माश्चराइजर का उपयोग करें। बालों को भी हल्का तेल लगाकर रखें। लोगों को लगता है कि अल्कोहल से शरीर में गर्मी आ जाती है ऐसा नहीं है। बल्कि, अल्कोहल शरीर के टेंपरेचर को कम कर देता है। जिससे ठंड लगने का डर रहता है। अगर सर्द हवा से हाथ-पैर ज्यादा ठंडे हो गए हैं तो रगड़ने के बजाए पैरों को थोड़ी देर गर्म पानी में रखें लें। अगर हाथ-पैरों का रंग काला हो गया है तो तुरंत डाक्टर से सलाह लें। घर को हमेशा पूरी तरह से बंद न रखें। थो?ी एयर पास होने के लिए जगह रखें। घर में पर्याप्त वेंटीलेशन का ख्याल रखें। सर्दियों भर हल्दी वाला गर्म दूध पिएं और रोज रात में च्वनप्राश खाएं। इससे तुरंत शरीर में गर्मी आती है और इम्यूनिटी भी मजबूत होती है। शरीर में गर्माहट लाने के लिए तुलसी, लौंग, अदरक और काली मिर्च से बनी चाए पीएं, इससे शरीर में तुरंत गर्मी आएगी और सर्दी जुकाम भी दूर रहेगा।

# वायु सैनिक चयन केन्द्र भोपाल द्वारा सेमिनार आयोजित किया गया

## छात्रों को अग्निपथ योजना की दी गई जानकारी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । वायु सैनिक चयन केन्द्र भोपाल द्वारा एक्सीलेंस स्कूल क्रमांक 01 तथा सीएम राइज स्कूल एक्सीलेंस क्रमांक 02 में सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें भारतीय वायु सेना के अधिकारी सार्जेंट जीतेंद्र प्रसाद तथा सार्जेंट डीएस राणा द्वारा कक्षा 12वीं के छात्रों को अग्निपथ योजना की जानकारी दी गई उन्हें



बताया गया कि इस योजना के अंतर्गत भर्ती होने वाले जवानों को अग्निवीर के नाम से जाना जाएगा। चार साल की सेवा के बाद उनकी कार्य कुशलता के आधार पर 25 प्रतिशत अग्निवीरों को वायु सेना में स्थाई भर्ती किया जाएगा।कार्यक्रम में जिला रोजगार अधिकारी एवं प्राचार्य शा.उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 व 2 तथा स्टाफ उपस्थित रहे।

# गोहद में विद्युत कटोती एवं अन्य समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने एई को दिया ज्ञापन



**दैनिक पुष्पाजलि टुडे**

गोहद विधान सभा में विद्युत विभाग द्वारा अधौषित विद्युत कटोती निरंतर रूप से की जा रही है। जिससे लोगो का रोजमर्रा का काम प्रभावित हो रहा है वोर्ड परीक्षा नजदीक है छात्र पढ़ नही पा रहे है सिंचाई के लिये किसानों को विजली नही मिल रही है! जिससे किसान परेशान है! एवरेज विल एवं कनैक्शन बंद के नाम पर किसानो एवं नागरिको से विजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा अभद्रता की जा रही है। विजली विभाग द्वारा विल बढाकर दिय जा रहे है! उनको कम कराने के लिए गोहद मुख्यालय पर सही कराया जावे जिससे लोगो को सहुलियत होसके।गोहद विधान सभा में जगह- जगह ट्रान्सफारमर फुके हुये हैं उन्हे बदला जावे। बसूली के नाम पर लोगो का कनैक्शन विच्छेद ना किया जावे।उक्त मांगो का 7 दिवस के अन्दर उचित एवं प्रभावी कार्यवाही कर निराकरण किया जावे अन्यथा काँग्रेस पार्टी द्वारा 7 दिवस पश्चात विजली विभाग पर जंगी अन्दोलन किया जाएगा !ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से मानसिंह कुशवाहा, विधायक केशव देशाई,आशीष गुर्जर,मोहन सिंह सिकरवार, डॉ रणवीर सिंह,डॉक्टर अमर सिंह जाटव, कृष्ण गोपाल चौरसिया, कैलाश माहौर, संजय सिंह ,संदीप मिश्रा, गणेशराम शर्मा ,अवध किशोर गुर्जर, देवासीस जरारिया, रमजानी खान, राजेंद्र परिहार सहित लगभग दो दर्जन से अधिक लोग उपस्थित रहे

# बच्चों ने बनाई राम नाम की श्रृंखला भगवान श्री राम के जीवन लगी झांकी और पिरामिड योग प्रदर्शन





**महेंद्र शर्मा उप संपादक**
**पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर।* श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के अंतर्गत मध्य भारत शिक्षा समिति द्वारा संचालित सार्वजनिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभु श्री राम जी के जीवन पर झांकियां एवं योग प्रदर्शन की प्रस्तुति की गई जिसके अंतर्गत सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा प्रभु श्री राम दरबार का पूजन किया गया उसके पश्चात प्रभु श्री राम जीवन के प्रसंग से संबंधित प्रस्तुति की गई छात्रों द्वारा प्रभु श्री राम के भजन पर पिरामिड की योग प्रस्तुति की गई सबसे अंत में राम नाम रूपी मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला योग प्रभारी श्री दिनेश चाकणकर तथा अध्यक्ष प्रोफेसर राजेंद्र बांदिल थे। द्व कार्यक्रम की प्रस्तावना विद्यालय की अल्पना करकरे तथा आभार प्रदर्शन पंकज नाफड़े द्वारा किया गया।

# अयोध्या धाम में पाली लोकसभा क्षेत्र के युवा नेता मांगीलाल चौधरी का किया स्वागत



**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

अयोध्या । प्रभु श्री राम की पावन पवित्र जन्म भूमि श्री अयोध्या नगरी में पाली लोकसभा क्षेत्र के युवा भाजपा नेता एवं उत्तर प्रदेश भाजयुमो प्रदेश सह प्रभारी वसु बसोया एवं अन्य कार्यकर्ताओं के साथ ÷श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र÷ के दर्शन किए एवं भव्य राम मंदिर के सपने को साकार रूप देखकर अभिभूत हुए।इस यात्रा के दौरान अयोध्या जी के रखवाले द्वारपाल श्री हनुमान गढ़ी मंदिर के भी दर्शन लाभ प्राप्त किए,श्री हनुमान गढ़ी के महंत श्री राजुदास जी महाराज ने मांगीलाल चौधरी का स्वागत एवं अभिनन्दन किया।जैसा कि ज्ञात करें श्री राजुदास जी महाराज भी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व में संगठन मंत्री रहे हैं। युवा नेता मांगीलाल चौधरी ने महंत श्री बहुत बहुत साधुवाद दिया एवं राम मंदिर निर्माण को लेकर प्रशंसा व्यक्त की तथा देशभर में हो रहे धर्मांतरण जैसे गंभीर मुद्दे पर चिंता व्यक्त की और इस चुनौती से कैसे निपटा जाए इस विषय को लेकर भी लंबी मंत्रणा की । महंत श्री ने सबको आशीर्वाद स्वरूप श्री राम पुस्तकें भेंट की ।


# 22 जनवरी को आधे दिवस का अवकाश घोषित

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**राज्य शासन द्वारा अयोध्या में राम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर प्रदेश के सभी शासकीय कार्यालयों में 22 जनवरी 2024 (सोमवार) को आधे दिवस का (अपरान्ह 2:30 बजे तक) अवकाश घोषित किया गया है।**


# गेहतौली में 26 जनवरी से भागवत कथा का आयोजन

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**मुरैना** -जिले की जौरा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम गेहतौली में समस्त ग्रामवासियों द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार गांव में प्राचीन धार्मिक स्थल श्री छौलेश्वर धाम ( निजाम खेड़ा ) में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीमद भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है जिसमें कथा वाचक व्यास पंडित नटवर लाल शास्त्री जी ( श्योपुर वाले ) के श्रीमुख से श्रीमद भागवत कथा का अमृतपान कराया जाएगा । 26 जनवरी को कलश यात्रा के साथ ही कथा का प्रारंभ भी होगा और 2 फरवरी को हवन यज्ञ एवं पूर्ण आहुति के साथ




साथ विशाल भंडारा आयोजित होगा जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल होकर प्रसादी ग्रहण करेंगे । कथा को लेकर गांववासियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं , श्री छौलेश्वर धाम प्राचीन धार्मिक स्थल होने के चलते आसपास के सभी गांवों की आस्था का केंद्र है। सभी लोग तन , मन और धन से सहयोग कर रहे हैं और खुद ही सभी कामों में पूरी आस्था के साथ जुटे हुए हैं, माना जा रहा है कि 26 जनवरी से 2 फरवरी तक छौलेश्वर धाम में आनंद विभोर कर देने वाला वातावरण होगा । एक तरफ जहां अयोध्या में 22 जनवरी को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देशभर में हर्ष और उल्लास का माहौल है वहीं दूसरी तरफ गेहतौली में भी युवा , बच्चे , महिलाएं और बुजुर्ग सभी भागवत कथा के लिए उत्साहित दिखाई दे रहे हैं। आयोजकों ने सभी भागवत रसिक प्रेमियों से आव्हान किया है कि 26 जनवरी से 2 फरवरी तक कथा का अमृतपान करने के साथ ही 2 फरवरी को प्रसादी ग्रहण करने अवश्य पधारें ।

# शिवपुरी स्टेडियम में चल रहे वार्ड टूर्नामेंट मैं वार्ड 36 ने जीत दर्ज कर बनाई सेमी फाइनल मैच में जगह



**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** शिवपुरी स्टेडियम में चल रहे वार्डो के मैच में आज वार्ड क्रमांक 36 ने 58 रनों से वार्ड 20 की टीम को हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है वार्ड 36 के ओपनिंग बल्लेबाज शाहरुख खान ने नोट आउट 10 ओवर के मैच में 121 रनों शतकीय पारी खेली जिसके साथ 167 रन बनाए जिसके साथ वार्ड 20 की टीम 109 रन सिमट गई इसमें निकिल चौहान ने 3 विकेट लिए और मैच जिताया युवा पार्षद कप्तान एमडी गुर्जर एवं समस्त टीम की पूरी मेहनत से आज का मैच जीत कर सेमीफाइनल में जगह बना ली अगला मैच वार्ड 25 से 20 जनवरी को सुबह 9=30 पर खेला जाएगा कप्तान युवा पार्षद एम डी गुर्जर उप कप्तान मनोज बाबा,शाहरुख खान,आकाश डिंडा,चद्ररेश डोंगर,हरवीर कुशवाह,आशु रजक ,गोलू रजक ,कुलदी कुशवाह ,अन्नु ,लप्पी बाथम,निकेल चौहान सभी टीम ने मैच में पूरी मेहनत की जो रंग लाई

# चाइनीज मांझे के उपयोग पर प्रतिबंध, आदेश किया जारी

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** जिले की राजस्व सीमान्तर्गत चाइनीज मांझे का पतंगबाजी में उपयोग करने से स्वास्थ्य पर प?ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की स्थति को रोकने व आमजन के जान-माल को खतरा न हो। जिला दण्डाधिकारी रवीन्द्र कुमार चौधरी ने दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा-144 के अंतर्गत जन सामान्य के हित व जानमाल एवं लोक शांति को बनाये रखने के उद्देश्य से प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है।वर्तमान परिदृश्य में देश व प्रदेश के कई जिलों में चाइनीज मांझा का उपयोग पतंग उढ़ाने किया जा रहा है, पतंग उड़ाने के दौरान चाइनीज मांझे से जिला धार में गला कटने के कारण 03 व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है एवं कई अन्य लोग घायल होकर दुर्घटना के शिकार हुए हैं। वर्तमान में बच्चों द्वारा पतंग उडाई के लिए चाइनीज मांझे का उपयोग किया जा रहा है। जिलान्तर्गत भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर पूर्णतः अंकुश लगाये जाने हेतु चाइनीज मांझे का उपयोग एवं विक्रय प्रतिबंधित किये जाने हेतु आदेश जारी किया गया है। जिले की राजस्व सीमा क्षेत्र में चाइनीज मांझे का क्रय, विक्रय, रखना एवं पतंगबाजी में उपयोग करने को प्रतिबंधित किया जाता है। यदि कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करता हुआ पाया जाता है तो उसके विरूद्ध भारतीय दंड विधान 1860 की धारा 188 के तहत दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का भ्रमण कार्यक्रम

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** केंद्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 21 एवं 22 जनवरी को शिवपुरी जिले के भ्रमण पर रहेंगे और विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 21 जनवरी को चंदेरी से प्रस्थान कर शाम 7.20 बजे पिछोर के छत्रसाल स्टेडियम में जनसभा और विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके उपरांत पिछोर से शिवपुरी के लिए प्रस्थान करेंगे। सोमवार 22



जनवरी को प्रातः 11 बजे माधवचौक पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में भाग लेंगे। दोपहर 12.10 बजे माधवचौक स्थित हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके उपरांत शिवपुरी से कोलारस के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 1.50 बजे कोलारस में जनसभा और विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में भाग लेंगे। अपराह्न 4.25 बजे करैरा पहुंचकर बगीचा सरकार पर विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके उपरांत करैरा से भिरतवार के लिए प्रस्थान करेंगे।



# हीरामंडी एक्ट्रेस शर्मिन सहगल ने ब्वॉयफ्रेंड संग लिए सात फेरे, वायरल हुई वेडिंग की खूबसूरत तस्वीरे

बॉलीवुड इंडस्ट्री में एक के बाद एक सेलेब्स के घर शहनाई बज रही हैं। एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा ( Parineeti Chopra) से लेकर टीवी एक्टर अली मर्चेंट (Ali Merchant) ने हाल ही में सात फेरे लिए हैं इतना ही नहीं  एक्टर रणदीप हुड्डा (Randeep Hooda) भी शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। इस बीच अब डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की भांजी और एक्ट्रेस शर्मिन सहगल ( Sharmin Segal) भी ब्वॉयफ्रेंड संग सात फेरे ले चुकी हैं।

**शर्मिन सहगल ने रचाई शादी**

हीरामंडी एक्ट्रेस शर्मिन सहगल (Sharmin Segal) ने ब्वॉयफ्रेंड अमन मेहता (Aman Mehta) संग सात जन्मों का वादा कर लिया है। सोशल मीडिया पर इस कपल की शादी की तस्वीरे और वीडियोज वायरल हो रही है। एक्ट्रेस ने खुद अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर वेडिंग फोटोज शेयर की है।

**शर्मिन सहगल का वेडिंग लुक**

शर्मिन सहगल ने इस मौके पर बेज कलर का एम्ब्रॉयडरी फ्लोरल लहंगा पहना था। इसी के साथ हैवी मैचिंग ज्वेलरी और बालों को खुला रखा था। वहीं दूल्हा बने अमन मेहता बेज कलर की शेरवानी पहने नजर आए।



**शर्मिन ने शादी में दिए ऐसे पोज**

इस फोटो में शर्मिन अपने दोस्तों के साथ गार्डन एरिया में पोज देती नजर आ रही हैं। तो वहीं कुछ तस्वीरों में पति अमन के साथ मंडप में बैठी नजर आ रही है। एक तस्वीर में शर्मिन अमन को चम्मच से कुछ खिलाती दिख रही हैं। बता दें, अमन टोरेंट फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड में डायरेक्टर हैं।शर्मिन ने साल 2019 में फिल्म मलाल से डेब्यू किया था। इसके बाद वह अतिथि भूतो भव जो साल 2022 में रिलीज हुई थी। अब जल्द वह अपने मामा की हीरामंडी में  नजर आने वाली हैं।

# अनुपमा से अलग होने के बाद अनुज की जिंदगी में होगी नई एंट्री, शो में आएगा बड़ा ट्विस्ट



अनुपमा टीवी का मोस्ट पॉपुलर शो है. एक्ट्रेस रुपाली गांगुली और गौरव खन्ना की जोड़ी को फैंस काफी पसंद करते हैं. शो में उन्हें अनुपमा और अनुज कपाड़िया के रोल में देखा जा रहा है. खबरें हैं कि शो में बहुत जल्द 5 साल का लीप आने वाला है. लीप के साथ ही शो में कई मेजर ट्विस्ट देखने को मिलेंगे.

**अनुज और अनुपमा होंगे अलग**

टेली चक्कर की रिपोर्ट के मुताबिक, अनुपमा और अनुज अलग हो जाएंगे. अनुपमा अमेरिका चली जाएगी और वहां अपनी जिंदगी जिएगी. दूसरी ओर छोटी अनु जो अनुपमा के बिना एक दिन भी निकाल नहीं पाती थी वो अब अनुपमा से नफरत करने लगेगी.

वहीं अनुज अनुपमा के बिना जीने की कोशिश करेगा लेकिन अनुज को मूव ऑन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. और इसी बीच अनुज की जिंदगी में नई वुमेन की एंट्री होगी, जो अनुज की जिंदगी को बेहतर बनाने की कोशिश करेगी. अब ये नई एंट्री किसकी होगी इसे लेकर कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है.शो में इन दिनों चल रहे प्लॉट की बात करें तो बता दें कि बा और बापूजी कपाड़िया मेंशन में रह रहे हैं. वहीं मालती देवी को ये सब पसंद नहीं आ रहा है. वो अनुज और छोटी अनु के मन में अनुपमा के खिलाफ नफरत भरने की कोशिश कर रही है. वहीं पाखी भी बागी हो गई है. वो हर चीज को लेकर जिद कर रही है. पाखी अनुपमा से बिजनेस करने के लिए 10 लाख रुपये मांगती है और जब अनुपमा मना कर देती है तो बदतमीजी करने पर उतर आती है. ये सब अनुज को पसंद नहीं आता है और वो पाखी पर काफी गुस्सा करता है.

# सूजा चेहरा, आंखों पर चोट.... साउथ एक्ट्रेस वनिता विजयकुमार पर आधी रात हुआ हमला, एक्ट्रेस ने तस्वीर शेयर कर दिखाई हालत

एक्ट्रेस और बिग बॉस तमिल की पूर्व कंटेस्टेंट रहीं वनिता विजयकुमार से जुड़ी चौंकाने वाली खबर सामने आई है. दरअसल एक्ट्रेस पर किसी अज्ञात शख्स ने हमला कर दिया और उनके चेहरे पर वार किए इस वजह से वनिता का पूरा चेहरा सूजा हुआ है. एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर तस्वीर शेयर कर अपनी हालत दिखाई है. वनिता की हालत देखकर फैंस भी बेहद परेशान हो गए हैं.

**वनिता ने चेहरे पर चोट लगी तस्वीर की पोस्ट**

रविवार को, वनिता ने अपने एक्स हैंडल पर अपने चेहरे पर लगी चोट की एक तस्वीर शेयर की थी. इसके साथ एक्ट्रेस ने लिखा, बहादुरी से मुझ पर हुआ अटैक पोस्ट कर रही हूं. बिगबॉस 7तमिल टीवी पर सिर्फ एक गेम शो है. मैं इससे गुजरना डिजर्व नहीं करती हूं.इसके साथ ही वनिता ने एक और पोस्ट में लिखा, भगवान जाने किसने बेरहमी से हमला किया! एक तथाकथित सप्रदीपएंटनी सपोर्टर, मैंने बिग बॉस तमिल 7 रिव्यू खत्म किया और रात का खाना खाया और अपनी कार की ओर चल दी जो मैंने अपनी बहन सौम्या के घर में पार्क की थी, अंधेरा था और एक आदमी कहीं से आया और कहा कि रेड कार्ड कुडुक्रींगला... नी सपोर्ट वेरा और मेरे चेहरे पर जोर से मारा और भाग गया, मुझे बहुत दर्द हो रहा था,



मेरे चेहरे से खून बह रहा था और मैं चिल्ला रही थी.

**वनिता ने ब्रेक लेने की अनाउंसमेंट की**

वनिता ने आगे पोस्ट में लिखा,  लगभग 1 बजे आसपास कोई नहीं था. मैंने अपनी बहन को नीचे आने के लिए बुलाया, उसने मुझसे इस घटना की रिपोर्ट पुलिस में करने की रिक्वेस्ट की, लेकिन मैंने उससे कहा कि मैंने इस प्रक्रिया पर भरोसा खो दिया है. मैंने इलाज कराया, मैं अपने हमलावर की पहचान नहीं कर सकी. वह पागलों की तरह हंसा जो मेरे कानों में गूंज गया. हर चीज से ब्रेक ले रही हूं क्योंकि मैं स्क्रीन पर दिखने की  स्थिति में नहीं हूं. जो लोग परेशान लोगों का समर्थन करते हैं उनके लिए खतरा बस एक फीट दूर है.

**प्रदीप ने कहा वनिता के ऊपर हुए हमले से उनका कोई लेना-देना नही**

वहीं, बिग बॉस 7 तमिल कंटेस्टेंट रहे प्रदीप ने इस पर रिएक्शन दिया है. प्रदीप ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपने और वनिता के बीच हुई बातचीत का स्क्रीनशॉट शेयर कि.. पोस्ट में, उन्होंने यह भी मेंशन किया कि वह इस बात से पूरी तरह से अनजान हैं कि उनके साथ क्या हुआ, और यह भी कहा कि उनकी बेटी या किसी अन्य साथी कंटेस्टेंट के खिलाफ उनकी कोई भागीदारी नहीं है और उनका इससे कोई लेना-देना नहीं है।

बता दें कि वनिता की बेटी जोविका, जो बिग बॉस 7 की कंटेस्टेंट हैं उन्होने भी प्रदीप के व्यवहार के बारे में शिकायत की थी और उन्हें रेड कार्ड दिया था. इसके बाद प्रदीप को तुरंत शो से बाहर कर दिया गया था.

# आलिया भट्ट ने शेयर की फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड नाइट की खास तस्वीरें, ब्लैक ड्रेस में एक्ट्रेस ने बिखेरा जलवा



रविवार को मुंबई में फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड्स का आयोजन हुआ, जिसमें सितारों को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली फिल्मों और वेब सीरीज के विभिन्न श्रेणियों के पुरस्कारों से नवाजा गया इसमें आलिया भट्ट ने एक बार फिर बाजी मारी।'डार्लिंग्स' के लिए एक्ट्रेस को बेस्ट फीमेल एक्टर वेब ओरिजिनल का अवॉर्ड दिया गया, जिसकी एक झलक इंस्टाग्राम पर अदाकारा ने शेयर की है।

**आलिया भट्ट को मिला' डार्लिंग्स' के लिए अवॉर्ड**

5 अगस्त साल 2022 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई आलिया भट्ट और विजय वर्मा की 'डार्लिंग्स' को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। अब इस फिल्म के लिए एक्ट्रेस को बेस्ट एक्टर वेब ओरिजिनल फिल्म फीमेल अवॉर्ड से भी नवाजा गया है।एक्ट्रेस ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए इंस्टाग्राम पर अवॉर्ड्स नाइट की कई तस्वीरें साझा की हैं। पहली फोटो में आलिया हाथ में अवॉर्ड लिए स्टेज पर नजर आ रही हैं। दूसरी तस्वीर में बड़ी बहन संग पोज देती दिखाई दे रही है।

**आलिया भट्ट का लुक**

इस खास मौके पर आलिया भट्ट (Alia Bhatt) ब्लैक कलर की बॉडीकॉन ड्रेस में नजर आई। रेड कार्पेट पर आलिया भट्ट के साथ-साथ उनकी बहन शाहीन भट्ट भी नजर आई। फोटो के कैप्शन में एक्ट्रेस ने लिखा, फिल्मफेयर नाइट।

**आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म**

आलिया भट्ट के वर्क फ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस को आखिरी बार स्क्रीन पर करण जौहर की फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में देखा गया था।




अब जल्द अदाकारा वासन बाला के डायरेक्शन में बन रही फिल्म 'जिगरा' में नजर आएगी। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। इस फिल्म को आलिया करण जौहर के साथ मिलकर को-प्रोड्यूस भी कर रही हैं।

# पवैया निकले अयोध्या के लिए तीव्र शीतलहर के बावजूद हजारों रामभक्त कार्यक्रम में हुए शामिल, कार्यक्रम के बाद पवैया अयोध्या रवाना



**ग्वालियर ।** तीव्र शीतलहर में हजारों की संख्या में उपस्थित आमजनों के बीच भगवान श्रीराम की जय हो, काशी विश्वनाथ की जय हो, भारत माता की जय हो के नारों के बीच जयभान सिंह पवैया ने शुक्रवार को महाराज बाड़े पर कारसेवकों का सम्मान एवं भाजपा जिला ग्वालियर द्वारा पवैया के नागरिक अभिनंदन पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि राम मंदिर के आंदोलन के दौरान हम नारा लगाते थे कि सौगंध राम की खाते हैं, मंदिर वहीं बनाएंगे। अब मंदिर तो बन गया अब नारा भी बदलना पड़ेगा, सौगंध राम की खाते हैं भारत भक्त बनाएंगे। आज मैं ग्वालियर से अयोध्या कूच कर रहा हूं, मैं आप सबकी मनोदशा समझ रहा हूं। अयोध्या के भगवान रामलला के मंदिर में जब मैं दंडवत करूंगा तो आपकी भावनाएं भी रामलला के चरणों में अर्पित करूंगा। मैं अकेला ही अयोध्या नहीं जा रह हूं, लाखों भावनाओं को साथ लेकर जा रहा हूं।

**आज देश की चारों दिशाओं में राम ध्वजा फहरा रही है**–कहा कि अयोध्या आंदोलन के दौरान 5 दिसंबर की रात्रि स्व. अशोक सिंघल ने विनय कटियार और मुझसे कहा कि आप दोनों जाकर शिविरों में कारसेवकों का मन टटोलो और कारसेवकों का एक ही जवाब था कि अब बावड़ी ढांचा नहीं बचेगा इस बार आर-पार का फैसला होगा। मैंने यह बात जाकर सिंघल को बताई कि अब रामभक्त जाग चुके हैं, मैं गर्व से कहता हूं कि आज देश की चारों दिशाओं में राम ध्वजा फहरा रही है, कण-कण में राम का नारा गूंज रहा है।

**राममंदिर आंदोलन आजादी के आंदोलन से भी बड़ा आंदोलन था**–उन्होंने कहा कि यह राममंदिर आंदोलन आजादी के आंदोलन से भी बड़ा आंदोलन था, और यह अहिंसक आंदोलन था। यह आंदोलन 1528 से शुरू हो गया था। अक्टूबर 1984 में सरयू जी के तट पर रामभक्तों का विराट समागम हुआ था और देश के सवा तीन लाख गांवों में रामशिला का पूजन हुआ था। उन्होंने कहा कि हम सबको गर्व है कि हम सबका योगदान भी आंदोलन में रहा। हमारी आंखों के सामने वह शुभ घड़ी आ गई है कि यह प्रभु की कृपा है कि मंदिर बन गया है, रामलला विराजमान हो रहे हैं और हम सब इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी है।

**22 जनवरी को राष्ट्रीय उत्सव नहीं अंतर्राष्ट्रीय उत्सव मनाया जाएगा–विजय गुप्ता**–इस अवसर पर विभाग संचालक विजय गुप्ता जी ने कहा कि 90-92 में जब कारसेवकों का जत्था निकलता था, मैं भी एक संघ के स्वयंसेवक के नाते व्यवस्था में लगा था, उस समय इस आंदोलन में हमारा मार्गदर्शन श्री पवैया जी कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को विश्व हिंदू परिषद में महानगर के समस्त नागरिकों से आव्हान किया है कि वे अपने मोहल्लों के मंदिरों में रामधुन का पाठ करें, हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड का पाठ करें और रात्रि अपने घर में दीये जलाएं और दीपावली मनाएं। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस होता है, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस होता है, अब 22 जनवरी को राष्ट्रीय उत्सव नहीं अंतर्राष्ट्रीय उत्सव मनाया जाएगा।



**पवैया जी पर भगवान की असीम कृपा है**–दंदरौआ महाराज इस अवसर पर संबोधित करते हुए दंदरौआ सरकार के के महंत श्री रामदास जी महाराज ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान रामलला जी विराजने वाले हैं। प्रदेश के वरिष्ठ नेता श्री पवैया जी इस कार्यक्रम में जा रहे हैं उनकी यात्रा मंगलमय हो। पवैया जी पर भगवान की असीम कृपा है वह बहुत भाग्यशाली हैं कि उन्हें रामजन्मभूमि का कार्यक्रम साकार देखने को मिल रहा है।

**इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री अभय चौधरी ने श्री पवैया जी को अंग वस्त्र और गदा भेंटकर उनका सम्मान किया।**

इस अवसर पर मंच पर आरएसएस के संघचालक विजय गुप्ता , हिंदू जागरण मंच के प्रांत प्रमुख राजीव दंडौतिया , विश्व हिंदू परिषद के विभाग अध्यक्ष मुकेश गुप्ता , उर्जामंत्री प्रद्युम्ना सिंह तोमर, मप्र के मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, जिलाध्यक्ष अभय चौधरी, विश्व हिंदू परिषद के पप्पू वर्मा , बलिदान कारसेवक संत पुत्तू बाबा के वंशज प्रताप सिंह गुर्जर, कारसेवक प्रतिनिधि नरेंद्र पाल सिंह भदौरिया, मुरैना से वयोवृद्ध कारसेवक मातादीन गोयल उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री हनुमान मंदिर में जयभान सिंह पवैया ने सपरिवार पूजा अर्चन किया। इसके बाद मंच के बाईं ओर कारसेवक दीर्घा में बैठे हुए कारसेवकों को अंगवस्त्र पहनाकर एवं पुष्प वर्षाकर उनका सम्मान किया गया। इसके बाद पवैया ने 1990 व 92 में कारसेवा में प्रत्यक्ष भाग लेने वाले कारसेवकों के प्रतिनिधि के रूप में संत पुत्तूबाबा के वंशज प्रताप सिंह गुर्जर, विजय गुप्ता, नरेंद्र पाल सिंह भदौरिया, देवेंद्र श्रीवास्तव, मातादीन गोयल, चिमन सिंह गुर्जर, सुशील जैन, पूरन सिंह भदौरिया, दिलीप श्रीवास्तव का स्वागत अंग वस्त्र, श्रीफल एवं पुष्प माला पहनाकर किया।

**इस अवसर पर गीत**- हे आर्यपुत्रों, हे रामभक्तों, तुम्हें अयोध्या बुला रही है। संगीत ग्रुप ने प्रस्तुत किया। इसके बाद पवैया ने मंच पर बलिदानी कारसेवक संत पुत्तू बाबा एवं संघ के पूर्णकालिक कार्यकर्ता दिनेश कुशवाह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। बाद में श्री पवैया ने पूज्य दंदरौआ सरकार के महंत श्री रामदास जी महाराज, पूज्य महामंडलेश्वर श्री रामेश्वरानंद जी महाराज, सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर के महंत पूज्य रामभजनदास जी महाराज, पूज्य संत कृपाल सिंह महाराज, लालटिपारा गौशाला के पूज्य स्वामी ऋषभदेवानंद जी महाराज, पूज्य संत गोपालदास जी महाराज को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर उनसे आशीर्वाद लिया।

**संबोधन के बाद सामूहिक रामआरती की गई एवं श्रीराम दरबार का प्राकट्य शंख ध्वनि के साथ हुआ।**

कार्यक्रम के बाद श्री पवैया महाराज बाड़े से सराफा बाजार तक पैदल चले।



## नरेन्द सिंह तोमर शनिचरा मंदिर पहुंचे, विकास कार्य देखे

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने आज सायं प्रसिद्ध शनिचरा मंदिर पहुंचकर विकास कार्यो का अवलोकन किया, उन्होने मुरैना जिला कलेक्टर अंकित अष्ठाना एडीएम इच्छित गढपाले, निगम आयुक्त देवेन्द्र सिंह चौहान, एसडीएम भूपेन्द्र सिंह कुशवाह, व तकनीकी विशेषज्ञों से भी चर्चा की। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने मंदिर के लिए बनाये जा रहे प्रवेश द्वार, कॉरीडोर को देखा। उन्होंने मंदिर परिसर के बाहर शुलभ शौचालय, स्नानघर, पानी की आपूर्ति भी बनाये रखने के निर्देश दिए। तोमर ने बताया कि परिसर के बाहर आने वाले दर्शनार्थियों के वाहन व्यवस्था , उनके रूकने के लिए धर्मशाला आदि की भी समुचित व्यवस्था हो। इसके साथ ही उन्होंने मंदिर परिसर में सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रमों के लिये स्टेज व गलियारे के निर्देश दिये। विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने मंदिर परिसर से पानी की निकासी व छोटे स्टॉप डेम बनाने के लिए भी कहा। ज्ञातव्य है कि विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर शनिचरा मंदिर परिसर व ऐंती क्षेत्र के विकास के लिए काफी समय से प्रयास कर रहे हैं और अब उनके प्रयासों की परिकल्पना साकार स्वरूप में उभरने लगी है।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पटना में भव्य अभिनंदन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री का दायित्व संभालने के बाद उन्होंने आम जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लिया है। नागरिकों के लिए विभिन्न सुविधाओं का विकास कर उनके जीवन को सहज, सरल बनाने के साथ ही दूसरी महत्वपूर्ण प्राथमिकता उन महापुरूषों के योगदान से नई पीड़ी को अवगत करवाने का कार्य भी करना है, जिससे भारतीय समाज को संस्कार मिले। भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के प्रसंगों को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने की पहल के साथ ही नई शिक्षा नीति में सनातन संस्कृति का पाठ्यक्रमों में समावेश हमारा संकल्प है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सांदीपनी आश्रम उज्जैन में शिक्षा ग्रहण की थी। मध्यप्रदेश में जहाँ-जहाँ भगवान श्रीकृष्ण के चरण पड़े हैं, उन स्थानों को तीर्थ स्थान के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया है।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पटना में श्री कृष्ण चेतना विचार मंच द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में भाग लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गांधी मैदान स्थित श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विभिन्न संगठनों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पुष्पगुच्छ, शॉल व अभिनंदन पत्र भेंट कर तथा मुकुट पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का श्री कृष्ण चेतना विचार मंच के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) राजेन्द्र प्रसाद, महासचिव (पूर्व आईएएस) डॉ. गोरेलाल यादव, महामंडलेश्वर महंत डॉ. सुखदेव दास, बिहार प्रदेश यादव महासभा, श्री कृष्ण चेतना परिषद, श्री कृष्ण चेतना संघ, श्री कृष्ण विचार मंच, श्री गोपीकृष्ण गो आश्रम, जयपाल सिंह यादव फाउंडेशन के पदाधिकारियों आदि ने स्वागत किया।

**भगवान श्री कृष्ण की शिक्षा-दीक्षा हुई उज्जैन में, उनका जीवन धर्म की स्थापना में बीता**–मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि माता सीता की जन्मस्थली बिहार आकर मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूं। ऐसी पवित्र धरती को मैं प्रणाम करता हूँ। यह भगवान महावीर स्वामी जी की धरती है, जिससे बिहार की पहचान है। साथ ही सम्राट अशोक की भी धरती है। सम्राट अशोक का मध्यप्रदेश उज्जैन से खासतौर पर अलग तरह का रिश्ता रहा है। हजारों साल से मध्यप्रदेश और बिहार का रिश्ता है। प्राचीन काल से मध्यप्रदेश की भूमिका महत्वपूर्ण रही थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा महाकाल की नगरी में ही भगवान श्री कृष्ण का विवाह हुआ। भगवान श्री कृष्ण की शिक्षा-दीक्षा भी उज्जैन में हुई। शिक्षा के मामले में हमारा समाज कितना जागृत है, इसका उदाहरण पांच हजार साल पहले भगवान श्री कृष्ण के काल से भी जुड़ता है। जब भगवान श्री कृष्ण ने कंस का वध कर दिया तो ऐसा उदाहरण दुनिया में कहीं नहीं था जब कोई सत्ताधीश का वध करे और वो सत्ता की कुर्सी पर न बैठे। भगवान श्री कृष्ण हैं जिन्होंने आगे बड़कर शिक्षा को महत्ता दी।




भगवान श्री कृष्ण की विद्यार्थी के नाते भी पहचान है। उज्जैन में भगवान श्री कृष्ण ने 5 हजार साल पहले 14 विद्या और 64 कलाओं और चारों वेद का ज्ञान अर्जित किया। भगवान श्री कृष्ण ने शिक्षा ग्रहण के पश्चात् पूरी शिक्षा का सार और कर्म का ज्ञान गीता के माध्यम से बताया। गीता जो दुनिया में पवित्रतम ग्रंथों में शामिल है। गीता आज भी सबका मार्ग दर्शन करती है। कोई भी क्रांतिकारी हो, आजादी के सिपाही हो, अगर गीता नहीं पड़ी, तो उसका जीवन अधूरा है। जीवन के किसी मार्ग पर जिसने भी बड़ा संकल्प लिया गीता सदैव उसका पाथेय बनकर मार्गदर्शन करती रही है।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हम सब भगवान श्री कृष्ण को हमारे वंश का तो मानते ही हैं, लेकिन भगवान श्री कृष्ण की पहचान कैसी है पूरे समाज के अंदर जहां कोई अव्यवस्था दिखे, जहां कोई अधर्म की बात दिखे, अगर किसी ने आगे बड़कर अधर्म के खिलाफ संघर्ष करने का कदम उठाया तो वह केवल एकमेव भगवान श्री कृष्ण हैं, जिन्होंने अपने पूरे जीवन को धर्म की स्थापना के लिए खपाया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मैं क्षिप्रा के तट से आकर गंगा के तटवासियों को प्रणाम करके उसका स्पंदन और आनंद महसूस कर रहा हूँ। आज के इस दौर में लोकतंत्र को जिंदा रखने में हमारे समाज की भूमिका बहुत बड़ी है। हमें प्रदेश और देश की सेवा के साथ-साथ भारत का मान दुनिया में बड़े उस दिशा में हमें आगे बड़ने की आवश्यकता है। यही तो हम हजारों से साल से करते आए हैं और यही हमारा कर्तव्य भी है। परमात्मा ने हमें जहां जिस जगह जन्म दिया है एक अनूठा संयोग हमारे साथ जुड़ता है।

**भारत में गाय के प्रति व्यक्त होता है वास्तविक सम्मान**–मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि परमात्मा से, प्रकृति से प्रेम करने का उदाहरण अगर कहीं दिखाई देता है तो निश्चित रूप से वह सर्वाधिक यादव समाज से दिखाई देता है, जो गौपालन के माध्यम से अपना जीवन चलाते हैं। परमात्मा के माध्यम से प्रकृति प्रेम को भी दिखाते हैं। जो प्रकृति से प्रेम करता है, जो जीव मात्र से प्रेम करता है, वो ही तो गोपाल हो सकता है। इसके अलावा कौन गोपाल होता है, गोपाल वो नहीं होते, दुनिया में कई देश है हमारे अलावा, अमेरिका, इंग्लैंड में भी गाय माता बहुत सारे लोग पालते हैं,

## चेतकपुरी मंदिर में भव्य रूप से मनेगा रामलला का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

**ग्वालियर।** श्रीदेव चेतकपुरी सर्वकल्याण समिति द्वारा पांच सौ वर्षो के संघर्ष और कारसेवकों के बलिदान के उपरांत अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण और उसमें भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव चेतकपुरी के मंदिर पर भव्य रूप से मनाया जायेगा।श्रीदेव चेतकपुरी सर्वकल्याण समिति के अध्यक्ष नीलकमल माहेश्वरी, उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक आलोक गुप्ता ने बताया कि चेतकपुरी मंदिर पर दोपहर 12 बजे से भव्य कार्यक्रम शुरू होंगे। उन्होंने बताया कि 12 से एक बजे तक राम पूजन, 51 किलो खीर की महाप्रसादी,




21 किलो लडडू का भी महाप्रसाद, एवं 56 भोग भी लगाया जायेगा। आलोक गुप्ता ने बताया कि दोपहर एक बजे से संगीतमय सुंदर कांड का पाठ होगा। सायं छह बजे से 1100 दीपों का दीपोत्सव से मंदिर को सजाया जायेगा। इसके लिए दीपक,रूई, घी , तेल मंदिर में ही उपलब्ध रहेगा। सायं साढे छह बजे से महाआरती होगी और सायं 7 बजे से आतिशबाजी होगी। इतना ही नहीं 8ङ्ग10 की स्क्रीन पर अयोध्या से लाईव टेलीकास्ट भी मंदिर प्रांगण में किया जायेगा। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं को सभी कार्यक्रमों में पधारने की अपील की है।

## आज अखिल भारतीय खटीक समाज राष्ट्रीय जागृति मंच द्वारा जन्मदिन संस्था धूम धाम से मनाया गया



खटीक समाज द्वारा बड़ी धूम धाम से मनाया गया मैं संस्था के सभी सदस्यों का बहुत बहुत आभार व्यक्त करता हूं

**धन्यवाद**
**प्रदेश अध्यक्ष**
**श्री विनोद माहोरिया**
**अखिल भारतीय खटीक समाज राष्ट्रीय जागृति मंच**
**ग्वालियर (मध्य प्रदेश)**

## श्रीमंत महाराजा जयाजी राव शिन्दे (सिंधिया) की 109 वीं जयंती मनाई



**ग्वालियर।** ग्वालियर के हृदय स्थल महाराज बाडा पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीमंत महाराजा जयाजी राव शिन्दे (सिंधिया) का 109 वीं जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर श्रीमंत जयाजी राव शिन्दे (सिंधिया) की मूर्ति पर माल्यार्पण कर मिष्ठान का वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर निगम सुधीर गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट अजय शिन्दे ने की। आभार प्रदर्शन मिनाज खान व इन्द्रजीत शिन्दे ने किया। इस अवसर पर विचारक जयवंत राव जाधव ने जयाजी महाराज के ग्वालियर विकास में योगदान पर प्रकाश डाला। समिति के जयंतज पे ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ढोल नगाडे एवं शहनाई वादन भी किया गया।

## एनएचएआई की कमाई बेहतर, लेकिन शिवपुरी से गुना तक का हाइवे राम भरोसे

ग्वालियर। ग्वालियर से शिवपुरी होते हुये गुना की ओर जाने वाले नेशनल हाइवे भले ही तीन जगह टोल पर वसूली कर रहा है लेकिन एनएचएआई की पूरी सडक भगवान भरोसे हैं। इस सडक पर चाहे बस हो या चार पहिया वाहन मुश्किल भरा सफर पूरा कर एनएचएआई को कोसते हुये टोल दे रहे हैं। ज्ञातव्य है कि शिवपुरी से लेकर गुना के बीच में सडक यातायात पिछ्ले लगभग छह माह से अधिक समय से ऐसा ही है। इस पूरी सडक पर जगह जगह छोटे बडे गडढे हैं जिनमें से निकलने पर वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पडता है। वाहन चालकों को इससे भी ज्यादा परेशानी टोल कंपनी द्वारा सडक के नाम पर वसूली करना है। जबकि टोल कंपनी की जिम्मेदारी है कि वह पूरी सडक को सही करे। आगरा से मुंबई तथा भोपाल की ओर जाने वाली एक मात्र शिवपुरी गुना हाइवे दिन रात चलता है इस पर सबसे ज्यादा वाहनों का लोड है लकिन टोल कंपनी अपना मुनाफा तो देख रही है उसे वाहन चालकों और उस पर सवार यात्रियों की सुविधाओं का बिलकुल भी खयाल नहीं है। न ही कंपनी द्वारा ठोस कार्रवाई कर पूरी सडक को ठीक कराया जा रहा है हां एक दो जगह पेच रिपेयर कराकर सडक को दुरूस्त करा दिया गया है बाकी पूरी सडक ऐसे ही आंसू बहा रही है। टोल कंपनी के अधिकारी भी कहने पर कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं है। वह तो फास्ट टेक से पैसे काटकर सरकार की जेबें भरने पर लगे हैं जबकि सडक को ठीक करने की पूरी जिम्मेदारी टोल कंपनी की है। इस सडक पर बस चालक कार चालक खासे परेशानी से सफर पूरा करते हैं। अब देखना है यह राष्ट्रीय राजमार्ग कब तक यूं ही यात्रियों के लिए दुविधा का कारण बना रहेगा इसका इंतजार रहेगा।

## ग्वालियर में 19 से 21 जनवरी तक होगा श्रीरामचरित लीला समारोह का आयोजन

**ग्वालियर।** अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व ग्वालियर जिले में भी श्रीराम कथा के विशिष्ट चरितों पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। इस क?ी में ग्वालियर मेला परिसर में ÷श्रीरामचरित लीला समारोह÷ का आयोजन होगा। राज्य शासन के संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से यह आयोजन किया जा रहा है। लीला समारोह में प्रतिष्ठित कलाकारों द्वारा श्रीरामचरित पर आधारित विभिन्न लीलाओं का मंचन किया जायेगा। लीला समारोह के तहत इन तिथियों में हर दिन सायंकाल 6 बजे से विभिन्न लीलाओं का मंचन किया जाएगा।




श्रीरामचरित लीला समारोह के अंतर्गत 19 जनवरी को हिमांशु द्विवेदी के निर्देशन में ÷निषादराज गुहा लीला÷ का मंचन होगा। इसी तरह 20 जनवरी को सतीश दवे उज्जैन द्वारा निर्देशित ÷श्री हनुमान लीला÷ का मंचन किया जाएगा। लीला समारोह के तहत 21 जनवरी को सुश्री गीतांजलि गिरवाल के निर्देशन में ÷भक्तिमति शबरी लीला÷ का मंचन किया जायेगा।

## राम मंदिर के साथ भाजपा चुनावी मोड में, कभी भी हो सकते हैं चुनाव

भोपाल। केन्द्र सरकार राम मंदिर का कार्य पूर्ण होने के बाद पूरी तरह से चुनावी मोड में आ सकती है। राम मंदिर के कार्य के साथ ही फरवरी में आम चुनावों की अनुशंसा कर सकती हैं। इसके बाद निर्वाचन आयोग मार्च या अप्रैल में कभी भी चुनावों की तिथियों का ऐलान कर सकता है। सूत्रों के मुताबिक केन्द्र के सभी मंत्रियों व सत्तारूढ़ भाजपा के सभी सांसदों को भी भाजपा आलाकमान ने इशारा कर दिया है कि वह ज्यादा से ज्यादा अपने संसदीय क्षेत्र में ही रहे और कार्यकर्ताओं व आम जनता से संपर्क में भी रहे। कुल मिलाकर मोदी सरकार अपने काम के बदले अब फिर जनता के बीच आम चुनावों के माध्यम से जाने की तैयारी कर रही है। इस बार सरकार के मुखिया सहित पार्टी मुखिया व आलाकमान ने 400 पार सीटों का लक्ष्य सामने रखा है। वैसे भी राममंदिर का कार्य पूरा होने से भाजपा के हौसले बुलंद है और कार्यकर्ता भी चुनावी रण के लिये तैयार हैं।



स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478